RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 19 अंक » 259

टोंक » बुधवार » 24 अप्रैल, 2024

पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
जयपुर, टोंक, और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

संपादकीय
खबरों की दुनिया

दोनों पूर्व मुख्यमंत्री अपने-अपने बेटों को जिताने में व्यस्त

## बेटे के लिये गहलोत पहुंचे हर वोटर के द्वार

**यह कैसी विडम्बना** है कि 4 जून को देश के भविष्य का फैसला होने जा रहा हैं। दोनों पार्टिया अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं। प्रधानमंत्री मतदान के पहले चरण के बाद देश में इस्लामिक फोबिया फैला रहे हैं। 140 करोड़ जनता को 18 करोड़ अल्पसंख्यको के नाम से डरा रहे हैं। जबकि मरूधरा के दोनों पूर्व और मुख्यमंत्री मारवाड़ के गांधी कहे जाने वाले अशोक गहलोत अपने बेटे वैभव गहलोत को जीताने के लिए जालोर-सिरोही में हर घर का दरवाजा खटखटा रहे है। राजस्थान में कांग्रेस हारे या जीते उन्हे इसकी परवाह नहीं है। वे केवल अपने बेटे वैभव को संसद में भेजने की जुगत लगा रहे हैं।



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

मंगलवार को अशोक गहलोत ने जाट वोटरों को साधने के लिए आर.एल.पी. नेता हनुमान बेनीवाल के साथ जालोर-सिरोही का दौरा किया। दूसरी ओर राजस्थान की दो बार मुख्यमंत्री रही महारानी वसुन्धरा राजे झालावाड़ में अपने बेटे दुष्यन्त को पांचवी बार संसद में भेजने के लिये दिन रात मेहनत कर रही हैं।




### कमलनाथ भी छिदंवाड़ा का मोह नहीं छोड़ पाए

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्रियों की तरह मध्यप्रदेश के महासम्राट कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जिनको इन्दिरा गांधी अपना तीसरा पुत्र कहती थी। वह भी पूरी एमपी को छोड़ छिदंवाड़ा में अपने पुत्र नकुल नाथ को जिताने के लिये दिन-रात एक किये हुए हैं। पूरे भारत में कांग्रेस की क्या दशा है इसकी उन्हे कोई चिन्ता नहीं हैं? कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता राजा दिग्विजय सिंह तो कही नजर ही नहीं आते। मध्यप्रदेश में कांग्रेस केवल मात्र नवीन अध्यक्ष जीतू पटवारी के भरोसे लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। प्रियंका और राहुल के दौरे भी बहुत कम हुये हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा द्वारा कांग्रेस पर बार-बार परिवारवाद का जो आरोप लगाए जा रहे है वे कई मामलों में सही सिद्ध हो रहे हैं। हर व्यक्ति की इच्छा है कि उसके बाद उसकी विरासत उसका बेटा सम्भाले।

### आरसीए के चुनावों में धर्मेन्द्र राठौड़ ने पैसों का भारी लेन देन किया

राजेन्द्र गुढ़ा जो अशोक गहलोत के डर से अपनी लाल डायरी को लेकर पर्दे के पीछे चले गये थे, वे अब पुनः लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रचार समाप्त होने से पहले सक्रिय हो गए हैं। गुढ़ा का आरोप है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके पुत्र वैभव गहलोत भ्रष्टाचार के कारनामों से ईडी के रडार पर हैं। गुढ़ा ने चेतावनी वाले शब्दो में कहा कि जैसे ही आचार संहिता समाप्त होगी मेरी लाल डायरी के पन्ने सार्वजनिक हो जायेंगे। गहलोत सरकार के कई मंत्री जेल की सलाखों के पीछे होंगे। 15 साल में अशोक गहलोत को कभी जालोर की याद नहीं आई आज जब बेटा लड़ रहा है तो उन्हे जालोर में घर-घर जाकर दस्तक देनी पड़ रही हैं। यह उल्लेखनीय है कि धर्मेन्द्र राठौड़ वैभव गहलोत के जालोर में चुनाव प्रभारी भी हैं।

### डूंगरपुर-बासवाड़ा में कांग्रेस कह रही है कांग्रेस को वोट मत देना

जहां कांग्रेस ने लोकसभा में अधिक से सीटे जीतने के लिये जोर लगा रही है वही अपने ही बोये बीजो को समेटने में उसे डूंगरपुर-बांसवाड़ा में जोर आ रहा हैं। वहां कांग्रेस के बागी प्रतयाशी कांग्रेस के ही निशान पर चुनाव लड़ रहे है जबकि कांग्रेस चीख-चीखकर बोल रही है कि उसको वोट मत देना केवल वोट बाप को देना। ऐसी स्थिति में कांग्रेस का मतदाता जो वर्षो से हाथ के निशान दबाता आया हैं। उसे बाप का निशान दबाने में जोर जरूर आयेगा। बिना विचारे जो करे सौ पाछे पछताय वाली स्थिति कांग्रेस की हो रही हैं। फिर भी जनता समझदार हैं। वह हाथ के निशान पर वोट डालने घर से ही नहीं निकलेगी।



उनियारा में राजस्थान की जनता को पीएम मोदी ने किया सम्बोधित कहा-

# देश में आरक्षण नहीं होगा खत्म ये मोदी की गांरटी





खबरों की दुनिया

**टोंक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच हमेशा से तुष्टिकरण की रही है। साल 2004 में कांग्रेस ने सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एससी-एसटी के आरक्षण में कमी करके मुसलमानों को रिजर्वेशन देने की कोशिश की गई। ये एक पायलट प्रोजेक्ट था। जिसे बाद में पूरे देश में लागू करने की प्लानिंग थी, लेकिन मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। इसके बाद 2011 में फिर से देश में इसे लागू करने की कोशिश हुई। कांग्रेस ने संविधान की परवाह नहीं की, लेकिन हमने ऐसा नहीं होने दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब सत्ता में थी तो दलित-पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी कर एक खास वर्ग को देना चाहती थी। ये लोग मजहब के आधार पर उस आरक्षण को मुसलमानों को देना चाहते थे। क्या कांग्रेस अब देश की जनता को वादा करेगी कि वो उस आरक्षण को मुसलमानों में नहीं बांटेगी। पीएम मोदी ने मंगलवार को उनियारा विजय शंखनाद चुनावी सभा में कहा कि राजस्थान के लोगों को बांटने की पूरी कोशिश हो रही है। इससे भी राजस्थान को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कांग्रेस पर सियासी हमला करते हुए कहा कि यदि 2014 के बाद भी यदि कांग्रेस होती तो आज भी हमारी सेनाओं पर पत्थर चलते, सीमा पार से आकर दुश्मन आज भी हमारे जवानों के सिर काट कर ले जाते और और कांग्रेस सरकार कुछ न करती।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस होती तो जम्मू कश्मीर में आज भी हमारी सेनाओं पर पत्थर चलते, सीमा पार से आकर दुश्मन आज भी हमारे जवानों के सिर काट कर ले जाते और कांग्रेस सरकार कुछ न करती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस होती तो न हमारे फोजियों को न वन रैंक-वन पेंशन लागू होती और न पूर्व सैनिकों को 1 लाख करोड़ रुपए मिलते। पीएम मोदी ने कहा कि इसलिए चाहे 2014 या 2019 हो राजस्थान ने एकजुट होकर देश में भाजपा की ताकतवर सरकार बनाने के लिए अपना आशीर्वाद दिया था उन्होंने कहा कि आपने 25 की 25 सीटें भाजपा को जीत कर झोली भर दी थी। एकजुटता और एकता ही राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है।उन्होंने कहा कि जब-जब हम बंटे हैं, देश के दुश्मन ने फायदा उठाया है। अब भी राजस्थान और यहां के लोगों को बांटने की पूरी कोशिश हो रही है। इससे राजस्थान को सावधान रहने की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि यदि 2014 के बाद भी यदि कांग्रेस होती तो आज भी हमारी सेनाओं पर पत्थर चलते, सीमा पार से आकर दुश्मन आज भी हमारे जवानों के सिर काट कर ले जाते और और कांग्रेस सरकार कुछ न करती। इससे पहले मोदी ने हनुमान जयंती की देशवाासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व टोंक भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत हनुमानजी की गदा देकर किया। मंत्री किरोडी लाल मीणा ने कहा कि पेपर लीक में भ्रष्टाचार करने वाले को पाताल से निकाल कर बाहर निकालेंगे, अभी मछ्ली पकड़ी है अब मगरमच्छ को भी जेल भेजेंगे।

सभा में राज्य के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी,मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, सांसद जसकोर मीणा, सांसद सुखवीर सिंह जौनापुरिया,पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी, पूर्व चिकित्सा मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़, भाजपा टोंक -सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी पुखराज पहाड़िया,जिला अध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ,जितेंद्र गोठवाल,लोकसभा संयोजक नरेश बंसल,विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, उप जिला प्रमुख आदेश कंवर, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, पूर्व विधायक राजेंद्र गुजर,विजय बैसला, पूर्व सभापति लक्ष्मी देवी जैन आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता हैं

पीएम मोदी ने कहा कि हनुमान जंयती पर आपसे बात करते हुए कुछ दिन पहले की एक तस्वीर याद आ रही है। कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक की। कुछ दिन पहले वहां एक दुकानदार को इसलिए बुरी तरह से पीटा गया क्योंकि वो अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। उनके चेले चपाटे भी हनुमान चालीसा करने वालों को पीटेंगे। ये कांग्रेस के कर्नाटक सरकार का काम देखिए। आप कल्पना कर सकते हैं कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है। कांग्रेस के राज में अपनी आस्था का पालन करना भी मुश्किल हो जाता है। राजस्थान तो इसका भुगतभोगी रहा है।

### माफिया राजस्थान से भागने पर मजबूर हो रहा हैः मोदी

मोदी ने कहा कि जब से भजनलाल जी और उनकी टीम काम पर लगी है माफिया, अपराधी राजस्थान छोड़कर भागने को मजबूर है। पेपरलीक माफिया भी भजनलाल जी का डंडा पड़ने के बाद ठंडा पड़ गया है। अभी तो इन्हें तीन-चार महीने हुए हैं पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान को महिला अपराध में नंबर एक बना दिया था। विधानसभा में कांग्रेस के लोग बेशर्मी से कहते थे ये राजस्थान की पहचान है, अरे डूब मरो तो...ये शोभा नहीं देता। टोंक में तीन असामाजिक तत्वों के कारण इंडस्ट्री बंद हो गई ये भी आप जानते हो। लेकिन, आपने हमारे भजनलाल जी को सेवा करने का मौका दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि अपराधी ये जान ले ये भजनलाल जी है..इनकी गाड़ी चलना शुरू हुई है और टॉप गियर में आना बाकी है।

उन्होंने कहा कि 2014 में आपने मोदी को दिल्ली में सेवा का अवसर दिया तो देश ने वो फैसले लिए, जिसने किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। लेकिन आप सोचिए अगर कांग्रेस 2014 के बाद भी और आज भी दिल्ली में कांग्रेस की सरकार होती तो क्या-क्या हुआ होता।



### घोटालों में शामिल किसी को नहीं बख्शा जाएगाः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

खबरों की दुनिया

**टोंक।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब, महिला, युवाओं के कल्याण के लिए लगातार काम कर रहे हैं और उनके प्रयासों से राजस्थान में योजनाओं को लगातार मूर्त रूप दिया जा रहा है। शर्मा मंगलवार को टोंक जिले के उनियारा में भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के समर्थन में प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अजमेर-सवाईमाधोपुर रेल परियोजना की लम्बे समय से मांग थी, जिसे मोदी ने स्वीकृत कर दिया तथा अब इस पर काम भी शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे का 150 किमी क्षेत्र टोंक-सवाईमाधोपुर क्षेत्र में शामिल है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों का सुगम आवागमन संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी मोदी 140 करोड़ देशवासियों की सेवा में लगे हुए थे। उस वक्त तत्कालीन राजस्थान की कांग्रेस सरकार मिड-डे मील के घोटालों में लगी हुई थी। शर्मा ने आगे कहा कि मिड-डे मील घोटाले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने ईआरसीपी को केवल लटकाने, अटकाने और भटकाने का काम किया है जबकि मोदी ने इस परियोजना का क्रियान्वयन कराया।





एजेंसी

### विकास की कावड़ यात्रा कर रहे है मोदीः अमित शाह

देश के विकास का वादा करते हुए शाह ने कहा, 'अकोला की कावड़ यात्रा पूरे देश में प्रसिद्ध है। पूर्णा नदी का पानी लेकर सभी महादेव पर चढ़ाने जाते हैं। उसी तरह मोदी जी भी विकास की कावड़ यात्रा लेकर पूरब-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण चारों दिशाओं में निकले हुए हैं। समग्र देश का विकास करना, विकसित भारत बनाना, यही संकल्प है इस कावड़ यात्रा का। कांग्रेस वाले देश को दुनिया में 11वें नंबर का अर्थतंत्र बनाकर छोड़ गए थे। मोदी जी भारत को पांचवें नंबर पर लाए, अब आप उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए, पांचवें नंबर से तीसरे नंबर पर लाने का काम हमारे मोदी जी करेंगे।'

**मुंबई।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को महाराष्ट्र में हुंकार भरी और विपक्ष पर जमकर हमला बोला। अकोला में विशाल रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, मोदी की गारंटी है, जब तक बीजेपी है, तब तक देश से आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता है। कांग्रेस वाले देश में झूठ फैला रहे है। कांग्रेस ने तो भारत की अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर पर पहुंचा दिया था, लेकिन पीएम मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को पांचवें पायदान पर पहुंचाया और अब तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद वह इसे पांचवें से तीसरे पायदान पर लाएंगे।

## पुलिस जीप पर ट्रेलर पलटने से 3 कॉन्स्टेबल की मौत

### पत्थरों के नीचे दबने से गाड़ी चकनाचूर, बुरी तरह फंसे शव

खबरों की दुनिया

**नीमकाथाना** । मंगलवार को रोड़ी (पत्थरों के छोटे टुकड़े) से ओवरलोड ट्रेलर पुलिस की गाड़ी पर पलट गया। हादसे में 3 पुलिसवालों की मौत हो गई।

हादसे में दो पुलिसकर्मियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, एक घायल कॉन्स्टेबल की हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

हादसा नीमकाथाना जिले के पाटन में मंगलवार दोपहर 12:30 बजे हुआ।

जानकारी के अनुसार, पाटन थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल शीशराम (55), कॉन्स्टेबल महिपाल (38) और भंवर लाल (52) सरकारी जीप से थाने लौट रहे थे।




**घुमाव पर पलटा, 30 फीट तक घसीटता हुआ ले गया**

डीएसपी अनुज डाल ने बताया- हनुमान जयंती पर हनुमान मंदिरों में बड़े आयोजन हो रहे थे। रामपुरा गांव में भी मंदिर में धार्मिक आयोजन था। वहां भीड़ थी तो पुलिस गश्त कर लौट रही थी। डीएसपी ने बताया- ट्रेलर रोड़ी से भरा हुआ था और ओवरलोड था। ट्रेलर पाटन से हरियाणा की ओर जा रहा था। घाटी में घुमाव पर ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुलिस की गाड़ी पर पलट गया और करीब 30 फीट तक घसीटता हुआ ले गया।

## जयपुर में घर में घुसकर महिला की हत्या

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर में घर में घुसकर एक महिला की हत्या कर बदमाश छत से कूदकर फरार हो गया। परिजनों को बंद मकान में महिला की लाश बेड पर पड़ी मिली। घटना के वक्त महिला घर अकेली थी। पूरा परिवार शादी में गया हुआ था। घटना जयपुर के बगरू थाना इलाके के बारवाल की ढाणी लोहरवाडा वेदांत सिटी की है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा है। युवक से पूछताछ की जा रही है। पुलिस की शुरुआती जांच में महिला का मुंह दबाकर हत्या करना सामने आया है।



एसएचओ (बगरू) हरिश चंद सोलंकी ने बताया- बारवाल की ढाणी लोहरवाडा वेदांत सिटी में निवासी हीरा देवी (51) पत्नी भीम सिंह की का शव बेड पर पड़ा मिला। हीरा देवी अपने बेटे-बहू के साथ रहती थीं। 20 अप्रैल को बेटा सतीश पत्नी और बच्चों के साथ अजमेर शादी में गया था। 21 अप्रैल की रात बदमाश लूट के इरादे से घर में घुस गया। घर में मौजूद हीरा देवी ने बदमाश का विरोध किया तो मुंह दबाकर हत्या कर दी। लाश को बेड पर पटककर बदमाश फरार हो गया।

### मोदी पर पलटवार करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा-

## मेरी मां का 'मंगलसूत्र' इस देश के लिए कर दिया बलिदानः प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मंगलसूत्र' वाले बयान की आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा, सच तो यह है कि भाजपा सरकार ने इन 10 वर्षों में आपके लिए काम नहीं किया। मेरी मां का 'मंगलसूत्र' इस देश के लिए बलिदान कर दिया गया, जब युद्ध हुआ तो इंदिरा गांधी ने अपना सोना दान कर दिया।



खबरों की दुनिया

एक नजर

## धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव निकली शोभा यात्रा



खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** श्याम नगरी में मंगलवार को धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई। जिसमें पुराने श्याम कुंड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई पुजारी कैलाश चन्द शर्मा ने बताया की हर वर्ष की भर्ती इस वर्ष भी बजरंगबली को सुबह सिंदूर का विशेष चोला चढ़ाया गया एवं फूलों से श्रृंगार किया गया। भक्तों ने हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ करके हनुमानजी को रिझाया। इसी प्रकार शीशम हनुमान सेवा समिति के द्वारा शोभा यात्रा निकल गई जो पूरे नगर में भ्रमण कर शिशम वाले बालाजी के वापस पहुंची इसके साथ ही कासीदा बावड़ी, सीताकुंड, चारा वाले बालाजी, ठाकुर बालमुकुंदजी मंदिर, सीताराम मंदिर, राम लक्ष्मण मंदिर, नागवले बालाजी, अन्य मंदिरों में विशेष पूजा आरती करके प्रसाद वितरण किया गया।

## आनंद का दूसरा नाम हनुमानपुरा



खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** जहाँ प्रत्येक पर्व - उत्सव को भरपूर उल्लास के साथ पूर्णमनोयोग से संपन्न किया जाता है। श्रीहनुमान जन्मोत्सव को भी ग्राम हनुमानपुरा के निवासियों ने अद्भुत रूप से मनाया। श्रीहनुमान जन्मोत्सव की पूर्वसांध्या पर सामूहिक सुंदरकांड के पश्चात गायत्री परिवार के तत्वाधान में दीपयज्ञ के साथ मंदिर को दीपकों से सजा कर माता-बहनों ने बजरंगबली की दिव्य आरती संपन्न की। रात्रि जागरण में भजनों के बीच ग्राम के बच्चों ने हनुमान भक्तिमय कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर खाटूश्यामजी तोरण द्वार से श्रीहनुमान मंदिर, हनुमानपुरा तक ग्रामवासियों ने निशान पदयात्रा नाचते-गाते संपन्न की। सायंकाल श्रीगणेश, श्रीहनुमान, श्रीराम दरबार एंव भगवान शिव की भव्य झांकियों के साथ ग्राम में शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर हनुमान मंदिर एंव ग्राम के मुख्य चौक को मूर्तियों, दीपकों, पुष्पों एंव दीपकों से सजाया गया।

## सोमोलाई बालाजी मन्दिर मे हनुमान जन्मोत्सव मनाया धूमधाम से



खबरों की दुनिया

**सीकर।** घोद रोड स्थित श्रीसोमोलाई बालाजी मन्दिर मे हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सीकर बद्री विहार से विशाल ध्वज यात्रा सुबह 7 बजे रवाना हुई और बाबा को निशान चढाये गये। दिन मे 12:15 बजे महाआरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे हजारों भक्तों ने भाग लिया। जयपुर से आयी भजन गायिका रीतु पाण्डे और पवन मुरारका (सुरत) ने भजनों की प्रस्तुति दी।

## फतेह बालाजी के हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



खबरों की दुनिया

**सीकर।** शहर के पुराना दूजोद गेट में सिद्ध पीठ श्रीफतेह बालाजी धाम पर मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर दिनभर भक्तों का ताता लगा रहा। सुबह श्रृंगार दर्शन से शुरू हुआ दर्शनों का दौर देर रात तक जारी रहा। पंडित दिनेश मिश्रा ने बताया कि दोपहर में 12:15 बजे भागवताचार्य पंडित रामावतार मिश्र के सानिध्य में बालाजी महाराज की ज्योत लेकर आरती की गई। भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। सायंकाल संगीतमय सुंदरकांड के पाठ से भगवान को रिझाया गया। दिनभर मंदिर में हनुमान चालीसा सुंदरकांड आदि के पाठ होते रहे। राम-नाम का कीर्तन चलता रहा।

## दिव्य बाल हनुमान मंदिर मे जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन




खबरों की दुनिया

**सीकर।** चांदपोल गेट स्थित श्रीदिव्य बाल हनुमान मंदिर मे मगलवार को हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। गो सेविका ज्योति तनवानी ने बताया की मंदिर के पुजारी महेश जोशी के सानिध्य में बालाजी महाराज की आरती 12:15 बजे और मावे का केक, दाल बाटी चूरमा प्रसाद भोग लगाया गया एवं सभी भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया। भजन गायिका संतोष खंडेलवाल एवं महंत मधुसूदनाचार्य के द्वारा मंदिर मे भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजन मण्डली संतोष जांगिड़ ललिता शर्मा पायल कुमावत सरोज कलावटिया एवं मंदिर के पदाधिकारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

**आज लोहार्गल पीठाधीश्वर स्वामीअवधेशाचार्य के सानिध्य में एसएन रनवा सर (डायरेक्टर मेपल एकेडमी) द्वारा लिखित पुस्तक रखी जाएगी, जो पिछले 7 साल से NEET और JEE लिए रामबाण रही है।**

**'द फाइनल स्ट्रोक 2024' का विमोचन शाम 5 बजे मेपल एकेडमी पिपराली रोड पुलिया के पास पेट्रोल पंप के सामने किया जाएगा।**




# हनुमान जन्मोत्सव की धूम, महाआरती मे उमड़ी भक्तों की भीड़



खबरों की दुनिया

**सीकर।** हनुमान जन्मोत्सव सीकर के मंदिरो में धुमधाम से मनाया गया। इसके लिए सभी मंदिरो को आकर्षक तरीके से सजाया गया। मंदिरो में दोपहर 12 बजे बाद महाआरती के बाद प्रसाद वितरण कियागया। शहर मे दो दिवसीय इस कार्यक्रम मे सोमवार व मंगलवार को सभी मंदिरो में भजन व सुदंर कांड के कार्यक्रम अलावा देर रात को भजन जागरण के कार्यक्रम आयोजित हुए।

हनुमान मंदिरो मे सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। भक्त मंदिरो मे छप्पन भोग, सवामणी का प्रसाद व हनुमानजी के लिए पोशाक लेकर आ रहे थे। मंदिरो मे सुबह भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। शहर के देवीपुरा बालाजी, कुअें के बालाजी, लंकापुरी बालाजी, छोटा तालाब बालाजी, बोलता बालाजी, फतेहबालाजी, नाला का बालाजी, दिव्य बाल हनुमान, नानी गेट बालाजी, बड़ गट्टा बालाजी, बानी का बालाजी, लालोलव बालाजी, हर्ष सहित अन्य मंदिरो मे हजारो भक्तों नें पहुचं कर प्रणाम किया। श्रृद्वालुओं ने मनोकामना का नारियल भी बांधा और मनोकामना मांगी। सीकर के सिद्वपीठ श्रीदेवीपुरा बालाजी धाम में जन्मोत्सव के उपलक्ष में मंदिर के महंत ओमप्रकाश शर्मा ने बताया दोपहर को महाआरती के बादें प्रसाद वितरण किया गया। आज जन्मोत्सव पर सुबह रामायण सत्संग मंडल की ओर से सुदंरकाण्ड पाठ किये। शाम चार बजे महिला संगीत शानदार कार्यक्रम रहा।

श्रीकल्याण धाम मे हर वर्ष की भांति इस बार 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य मे मनाया गया। जिसमे श्रीबालाजी महाराज का दिव्य श्रृंगार कर ज्योत ली और बालाजी की महाआरती की। साथ भजनो का कार्यक्रम हुआ। मंदिर व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बजाया कि बालाजी को विशेष 101 किलो रोटे का भोग लगाया गया। श्रीलंकापुरी बालाजी मंदिर समिति मीडिया प्रभाररी ज्योंति तनवानी ने बताया कि यात्रा संत चंद्रमादास महाराज व पीठाधीश्वर नंदकिशोर पारीक के सानिध्य हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम हुआ। उन्होने बताया को हनुमान जन्मोत्सव दोपहर सवा बारह बजे मनाया गया। जिसमे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया। शाम को भजनो का कार्यक्रम शुरू हुआ जो देर रात तक चला।

शहर के नानी गेट स्थित बालाजी मंदिर में मंगलवार को बालाजी का जन्मोत्सव मनाया गया। महंत नवीन पुजारी ने बताया कि दोपहर 12:15 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया। उसके बाद महिला मंडल की ओर से भजनो का कार्यक्रम हुआ। शाम को जागरण शुरू हुआ जो देर रात तक चला। फतेह बालाजी धाम में दो दिवसीय जन्मोत्सव मे विशेष धार्मिक कार्यक्रम हुये पं. दिनेश मिश्र ने बताया सांयकाल मंदिर मे आकर्षक फल और फ़ुलो की सजावट की गई। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर भागवताचार्य पं. रामावतार मिश्र के सानिध्य महाआरती के प्रसाद वितरण किया गया।

सांवली रोड़ बड़ा तालाब स्थित सिद्वपीठ बालाजी धाम दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया गया। व्यस्थापक जगदीश शर्मा ने बताया कि हवन पूजन के बाद महाआरती हुई। 24 अप्रैल को विराट भजन संध्या होगी। इसी दिन दोपहर को तीन बजे मंदिर में व्यासपीठ से अजय तुलसीयान दिल्ली भक्तों के साथ संगीतमय सुन्दरकांड करेगे। बुगाला के बालाजी मंदिर मे रूद्राभिषेक व अखण्ड रामयाण पाठ, हवन का आयोजन हुआ। पंडित राजेन्द्र लाटा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव दोपहर को मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी उपस्थित रहे।

## जादूगर एस. लाल अयोध्या में आयोजित जादूगर सम्मलेन में करेंगे शिरकत



खबरों की दुनिया

**सीकर।** शेखावाटी मैजिक सर्किल सीकर के अध्यक्ष व राजस्थान प्रदेश एवं देश के वरिष्ठ जादूगर एस. लाल आगामी 13-14 जुलाई को अयोध्या में होने वाले अखिल भारतीय जादूगर सम्मलेन में भाग लेंगे। जानकारी देते हुए सर्किल के सचिव श्री महाबीर प्रसाद व्यास ने बताया की भारतीय जादू कला ट्रस्ट (पंजीकृत) के द्वारा अयोध्या धाम 'अखिल भारतीय जादू समागम' का आयोजन किया जा रहा है जिसमे शेखावाटी मैजिक सर्किल के अध्यक्ष एवं प्रदेश एवं देश के वरिष्ठ जादूगर एस. लाल भाग लेंगे। कार्यक्रम ने पुरे देश भर से जादूगर भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। सम्मेलन में जादू प्रतियोगिता एवं टीचिंग सेशन सहित कई अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएँगी।

## द्वारका पश्चिम की शारदा पीठ एवम् बद्रिका की उत्तर पीठ जोशी मठ के नवनियुक्त जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती ने किए खाटूश्याम दर्शन






खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नवनियुक्त शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वतीजी ने बाबा श्याम के दर्शन किए और शंकराचार्य घोषित होने के बाद प्रथम बार खाटूश्यामजी आगमन पर श्याम दर्शन के पश्चात अपने अनुयायी, शिष्य वैद्य मालीराम सरोज, शिक्षक राजेंद्र, सुभाष तथा एडवोकेट भानूप्रकाश सरोज के निज निवास शांति कुंज, मंढा रोड पधारे जहां मालीराम राजेंद्र सरोज के नेतृत्व में नगरपालिका चेयरमैन ममता देवी, सवामनी होटल निदेशक अंकित अग्रवाल, खाटू धाम व्यापार मंडल के मंत्री सोनू जोशी, होटल गोविंदम के निदेशक रविन्द्र सोनी, मंडल अध्यक्ष केदार जांगिड़, रामगोपाल रामुका, मुकेश हरनाथका, दिनेश शर्मा, नरेश मिश्रा, कैलाश मटोलिया, हैरम रामुका, अभिषेक स्वामी के साथ दर्जनभर महिलाएं सोना, संजू, रेणु, सोनम सरोज के साथ मंजू, शांति देवी आदि मौजूद रही। राजेंद्र सरोज ने बताया कि स्वामी जगतगुरु शंकराचार्य के पद चरण जैसे ही हमारी कुटिया शांति कुंज पर पड़े भरपूर उत्साह के साथ सरोज परिवार द्वारा स्वामीजी का चरण पूजन, चरण वंदन और गुरू आराधना तथा आरती की गई। स्वामीजी का अंग वस्त्र और बाबा श्याम का मोमेंटो भेंट कर सरोज परिवार तथा उपस्थित सभी प्रतिष्ठित लोगों ने फूलमालाओं, प्रतीक चिन्ह और दुपट्टे पहनाकर स्वागत सत्कार और अभिनंदन किया, स्वामी जगतगुरु शंकराचार्य का पांच मिनिट के आशीर्वचन में भारतीय संस्कृति, वेद, वेदांग और उपनिषद् की चर्चा रही। महाराज ने अभिभूत होकर कहा कि वे खाटूश्यामजी पहले भी कई बार आए हैं लेकिन अब खाटूश्यामजी पहले वाला नही रहा अब तो यहां बाबा श्याम की कृपा बरस रही है। स्वामी आधे घंटे के अल्प प्रवास के बाद जयपुर आश्रम के लिए प्रस्थान कर गए। इस अवसर पर होटल कृष्णम के निदेशक प्रियांशु सरोज, सरोज परिवार के कृष्ण कौशल, प्रीति सरोज, माधव आदि भी उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव विशेष रैवासाः पहाड़ी पर 300 फीट ऊंचाई पर है मंदिर, मध्य प्रदेश के कोटड़ा गांव के नाम पर बना मंदिर

### - रैवासा पहाड़ी पर 1500 सौ साल पुराना कोटड़ा बालाजी मंदिर

### संत ने तांत्रिकों से छुड़वाई थी मूर्ति, इस पर अंकित हैं राम-लक्ष्मण, भरत और शत्रुधन के पदचिह्न



खबरों की दुनिया

**सीकर।** रैवासा पहाड़ी पर 300 फीट ऊंचाई पर स्थित कोटड़ा बालाजी धाम में करीब पंद्रह (1500) सो साल पुरानी बालाजी की प्रतिमा है। यहां वीर हनुमान स्वरूप में प्रतिमा विराजमान है। प्रतिमा के साथ भगवान राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुधन चारों भाइयों के पद चिह्न भी बने हुए हैं। मध्य प्रदेश के के कोटड़ा गांव के नाम पर इस मंदिर को पहचान मिली। महंत गोपालदास बताते हैं कि एमपी के कोटड़ा गांव से दो तांत्रिक इस मूर्ति को चोरी करके ले जा रहे थे। रैवासा में पहाड़ पर तपस्या कर रहे नाथूरामजी बरहमचारी ने इस मूर्ति को तांत्रिकों से छुड़वाया। उन्होंने पहाड़ी पर बालाजी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू कर दी। भक्तों का आना शुरू हुआ तो मंदिर तक पहुंचने के लिए 165 सीढ़ियां बनाई। करीब 20 साल पहले मंदिर तक सड़क बनाई गई। इस पहाड़ी पर खंडेला रियासत का गढ़ है।

### प्रतिमा की खासियत, दाएं हाथ में पहाड़

पुजारी के अनुसार कोटड़ा धाम में हनुमानजी की मूर्ति वीर हनुमान का स्वरूप है। इसमें खास बात ये है कि दाएं हाथ में पहाड़ है तो बाएं हाथ में गद्दा। प्रतिमा के साथ भगवान राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघन चारों भाइयों के पद चिह्न भी बने हैं। आज हनुमान जयंती पर छप्पन भोग, स्वनानी का प्रसाद के साथ यहां पर सुबह से ही भक्तो का आना जाना लगा रहा। मंदिर पुजारी सुजल ने बताया की मंदिर में सुबह विशेष पूजा अर्चना कर आरती की गई। प्रसादी के बाद शाम तक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

## सालासर धाम में हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित लक्खी मेले का हुआ समापन





खबरों की दुनिया

**सालासर।** देश दुनियां में ख्याति प्राप्त सिद्धपीठ सालासर धाम में हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित लक्खी मेले का समापन मंगलवार को हुआ।

मेले में 7 लाख श्रद्धालुओं ने बालाजी मंदिर में मत्था टेककर खुशहाली की कामना की। पूर्णिमा के दिन दर्शन कर अपने घरों की ओर फिर चल पड़े। अगले वर्ष फिर से तेरे दर पर बुलाने की अर्जी के साथ सालासर धाम से विदाई ली। देशभर में अपनी अलग पहचान रखने वाले विख्यात सालासर बालाजी महाराज के भक्त हजारों की संख्या में रहकर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करते हैं, और आस्था के साथ भजन कीर्तन करते हुए बाबा के दर्शन करते हैं। मेले के दौरान दूर दराज से चलकर आने वाले लाखों भक्त बालाजी महाराज के टू चरणों में अर्जी लगाकर कामना करते हैं।

### एक झलक की लालसा

श्रीबालाजी महाराज के प्रति अटूट आस्था रखने वाले हजारों भक्त बालाजी महाराज की एक झलक पाने के लिए देर रात को ही लाइनों में लग जाते हैं। श्रीहनुमान सेवा समिति अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी ने बताया कि देश के कोने कोने से हजारों श्रद्धालु सालासर बालाजी धाम पहुंचते हैं। रात्रि को 2 बजे बालाजी मंदिर के पट्ट श्रद्धालुओ के लिए दर्शनार्थ खोल दिए गए जो पूर्णिमा के दिन रात्रि को 9 बजे तक खुले रहे।

पहले नवरात्र से लेकर पूर्णिमा के दिन तक 7 लाख से अधिक श्रद्धालु सालासर पहुंचे जिनमें एक लाख से अधिक तो पूर्णिमा के दिन ही पहुंच गए। बालाजी के दर्शन करने के बाद अंजनी माता मंदिर पहुंचकर माता को चुंदडी चढ़ाकर और प्रसाद चढ़ाकर दर्शन किए। लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र कहे जाने वाले सालासर धाम में दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का दौर चला। श्रीहनुमान सेवा समिति उपाध्यक्ष मनोज पुजारी ने बताया कि पूर्णिमा के दिन बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालिसा के पाठ का दौर चला। आने वाले बाबा के भक्त संत शिरोमणि बाबा मोहनदास की भभूत को ललाट पर लगाकार निरोगी काया की कामना की।

## हनुमानजी के प्राकट्य दिवस पर लक्षमनगढ़ में निकली श्रीगढ़ के बालाजी की विशाल शोभायात्रा



खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** यहां दुर्ग पर स्थित श्रीगढ़ के बालाजी की बालाजी के प्राकट्य दिवस पर मंगलवार को विशाल व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यहां न्यामा बाजार स्थित नारायण इन्दोरिया के आवास से बैण्ड बाजा की धुन के साथ, हाथों में हनुमानजी के 31 निशान तथा साथ में 7 चांदी के निशान लिए हुए नाचते गाते हुए भक्त, 131 मंगल कलश के साथ महिलाएँ, आदर्श विद्या मन्दिर बालिका और ऋषिकुल विद्यापीठ की आकर्षक झांकियां, भजन मण्डली शोभायात्रा में आकर्षण के केन्द्र रहे।

गायक कलाकार प्रदीप पारीक, विठ्ठल मिश्रा जितेन्द्र शर्मा प्रमोद झुरिया के भजनों पर श्रद्धालु भक्त साथ चल रहे थे।शोभायात्रा में भव्य रथ में विराजमान श्रीगढ़ के बालाजी की प्रतिमा के साथ पुजारी परिवार के वरिष्ठ पुजारी पंडित रामजी लाल जोशी थे। जगह जगह भक्तों द्वारा आरती पुजा एवं पुष्प वर्षा की गई।

शोभायात्रा में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुभाष जोशी, शोभायात्रा के संयोजक गणेश मोदी, संजय जोशी शोभायात्रा के आयोजक डॉ नारायण इन्दोरिया, शिक्षाविद् रामनिवास शर्मा, पुरूषोत्तम बील, प्रदीप गवाल, सोनु भण्डारी, नवीन शर्मा, भाजपा नेता जयप्रकाश सरावगी, अरूण चौधरी, व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी चौथमल नाऊवाला, पार्षद रामावतार पंवार, विष्णु शर्मा, व्यवसायी दीपक जाजोदिया, वैकट डीडवानिया, पूर्व पार्षद राजेश जाजोदिया, दिनेश सांडिया, संजीव खाटुवाला, दिनेश जालाण, मनोज जालाण, विनय जालाण,अनिल चिराणिया, सतीश नाई, अरूण नाई, रामस्वरूप सोमाणी, पुरूषोत्तम मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, मनीष चिरानियां, रामप्रसाद सोनी, राजकुमार सोनी रतन सिंह बगड़ी, संदीप बजाज, पंकज वर्मा, विनोद शर्मा, प्रकाश शर्मा, दिलीप सुरोलिया, ऋषिकुल विद्यापीठ की प्रधानाचार्या डॉ. रेखा शर्मा, आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक बालिका के प्रधानाचार्य विद्याधर शर्मा कमल शर्मा भुमा बड़ा, राजकुमार भास्कर लोकसेवा ज्ञानट्रस्ट के प्रभारी राजेन्द्र शर्मा, दीनदयाल जोशी, अमित शर्मा, सुरेन्द्र इन्दोरिया, पूर्व पार्षद दिनेश मारोठवाला, महेश शर्मा, नरेंद्र सरवड़ीवाला, ऋषिकेश जोशी, सज्जन जोशी, संजय दाधीच, प्रभुदयाल इन्दोरिया, मनोज सुरोलिया, सुधीर जोशी, महेन्द्र झुरिया, राकेश जोशी, कन्हैया लाल सैन, शशिकांत जोशी, भरत जोशी, बाबु जोशी, अभिषेक जोशी, शुभम जोशी, हर्ष इन्दोरिया, शुभांशु दाधीच, वरिष्ठ शिक्षक चन्द्रशेखर जोशी, विश्वनाथ दाधीच, वैंकटेश जाजोदिया, जयप्रकाश जाजोदिया, वेद प्रकाश वैद्य, जयप्रकाश जांगिड़, पत्रकार शशिकांत पुजारी, नरेश शर्मा प्रदीप दाधीच, विष्णु शर्मा, आलोक लसाड़िया, रामावतार सिंगोदिया, विनोद गौड़, महावीर जाजम, विक्रम सिंह तंवर, एडवोकेट नटवरलाल जोशी, रविन्द्र शर्मा नन्दीशाला के अध्यक्ष श्रीराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त थे। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्तों के लिए जगह-जगह शीतल जल, फरुटी, शरबत, छाछ की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर श्रीगढ़ के बालाजी मन्दिर के पुजारी परिवार द्वारा इन्दोरिया परिवार का माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

# मतदान से पहले 72 घंटों की एसओपी की पालना सुनिश्चित हो : दीप्रवा लाकरा




खबरों की दुनिया

**टोंक।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा टोंक-सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र के लिये लगाये गये सामान्य पर्यवेक्षक दीप्रवा लाकरा ने कहा कि टोंक-सवाई माधोपुर में 26 अप्रैल 2024 को दूसरे चरण में मतदान होगा। इसको लेकर आयोग द्वारा 72 घंटों की एसओपी की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए तथा चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य को बहुत ही संवेदनशीलता के साथ पूरा किया जाये।

सामान्य पर्यवेक्षक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में टोंक विधान सभाओं के एआरओ, पुलिस अधिकारियों, प्रकोष्ठ प्रभारियों एवं केंद्रीय पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदान दलों की रवानगी, समय पर मॉक पोल, वास्तविक मतदान प्रारंभ किया जाये तथा निर्धारित प्रपत्रों में सूचना प्रेषित की जाए। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से जुड़ी टीमें, उड़न दस्तें, एसएसटी, वीएसटी एवं वीवीटी सर्तक रहे। विशेषकर संवेदनशील क्षेत्रों में या व्यय संवेदनशील पॉकेटों में निगरानी रखी जाए। ऐसी व्यवस्था हो ताकि कम समय में प्रभावी रिस्पॉस हो सकें।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने कहा कि एआरओ, सेक्टर ऑफिसर व पुलिस के अधिकारी क्षेत्र में जाकर अपने सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लें तथा मतदान केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाओं को देख लेवें। उन्होंने कहा कि ईवीएम परिवहन के दौरान एसओपी की 100 प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाये। आवंटित वाहन में ही ईवीएम का परिवहन करे। मतदाता जागरूकता के लिए प्रत्येक मतदाता को बूथ पर लाने की कार्य योजना बनाई जाए। इसमें मतदान दिवस पर स्वीप वॉर रूम की विशेष भूमिका रहेगी। कम मतदान वाले मतदान केंद्रों, एफएसटी, एसएसटी की गतिविधियों, मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग, मतदान केंद्र पर 100 मीटर, 200 मीटर के साइनेज तथा कानून व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

### एफएसटी व एसएसटी और अधिक सक्रिय रहे पुलिस पर्यवेक्षक

पुलिस पर्यवेक्षक के. नारायण ने कहा कि मतदान के 72 घंटे पूर्व और अधिक चौकसी की आवश्यकता रहती है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस विशेष निगरानी रखते हुए शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यवाही करें। सभी वाहनों की चेकिंग समुचित की जाए तथा चुनाव के दौरान उपयोग में आने वाली सामग्री, लिकर इत्यादि के परिवहन को लेकर ध्यान रखा जाए तथा सीजर की प्रभावी कार्यवाही की जाये।

बैठक में व्यय पर्यवेक्षक मयूर गजानन कांबले, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) सुरेश चौधरी, सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराएं : संजीव नैन

पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने कहा कि स्थानीय पुलिस एवं केंद्रीय पुलिस बल समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके। सभी अधिकारी मतदान दिवस पर मतदाताओं से शालीन व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र में चारदीवारी होनी चाहिए। अगर किसी मतदान केंद्र में चारदीवारी नहीं है, तो बैरिकेडिंग कर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

## खबरों की दुनिया एक नजर

## कांग्रेस के महासचिव सचिन पायलट आज आएगें टोंक

### - कांग्रेस कार्यकर्ताओं की चुनावी बैठक लेंगे

खबरों की दुनिया



**टोंक।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव, छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं टोंक विधायक सचिन पायलट आज टोंक आएगें।

कंग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने बताया कि कांग्रेस के महासचिव सचिन पायलट बुधवार को दोपहर साढे बारह बजे सवाईमाधोपुर चैराहा स्थित एक होटल में टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में बूथ कार्यकर्ता, बूथ प्रभारी, वरिष्ठ कांग्रेस जन, कांग्रेस संगठन से जुड़े प्रधान, नगर परिषद सभापति, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, पार्षदगण, ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, अग्रिम संगठन, प्रकोष्ठों, विभागो के जिला अध्यक्ष तथा कार्यकर्ताओं की चुनावी बैठक को सम्बोधित करेंगे।

## "लालच पर होगी चोट, सोच समझकर करेंगे वोट" महिलाओं ने दीपदान कर दिया संदेश



खबरों की दुनिया

**पीपलू।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विभिन्न प्रकार के जतन किए जा रहे है। स्वीप सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिन मंगलवार को ग्राम पंचायत पीपलू से भूतेश्वर मंदिर तक वोट वृक्ष के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को स्वीप सहप्रभारी नरेन्द्रकुमार सौंगाणी, सीबीईओ विष्णु शर्मा, सहायक विकास अधिकारी सत्यनारायण पारीक, कानाराम चौधरी, प्रहलादराम बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी राजेन्द्रसिंह राजावत, कुशराजसिंह राजावत व पर्यवेक्षक ललिता साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भूतेश्वर तालाब पर पहुंचकर लालच पर होगी चोट, सोच समझकर करेंगे वोट की गूंज के साथ आंगनबाड़ी कार्मिकों ने दीपदान किया। इस दौरान रिसोर्स पर्सन गोवर्धनप्रसाद स्वर्णकार ने फीकी है हर चुनरी, फीका हर बंधेज है, 26 अप्रैल को जो मतदान करेगा वही तो असली रंगरेज है गाने के साथ सभी को मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया। मतदाता जागरूकता को लेकर आंगनबाड़ी कार्मिक संतोक चौधरी टीम ने वोट वृक्ष तैयार किया। भूतेश्वर उद्यान में म्यूजिकल डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कार्मिकों ने आयो वोटा रों त्यौहार, मैं हूं भारत, हम भारत के मतदाता गीतों पर नृत्य किया। इसमें विजेता कृष्णा सोनी प्रथम, संतोक चौधरी द्वितीय व शमा परवीन तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आशुतोष दाधीच, अखिलेश नामा, सीताराम चौधरी, हरिराम चौधरी, एलडीसी सुरेश बैरवा, हनुमानप्रसाद यादव, शिक्षक अर्जुन गुर्जर, कृषि पर्यवेक्षक मनफूल रैगर व बीएलओ राकेश नामा सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह सप्ताह की शुरुआत, स्टीकर का किया विमोचन



खबरों की दुनिया

**टोंक।** सर्व ब्राह्मण महासभा जिला टोंक के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह सप्ताह मनाया जावेगा। मंगलवार को सद्गुरु आश्रम टोंक में आचार्य पंडित राजकुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा के सानिध्य में समारोह के तहत होने वाले कार्यक्रमों के पोस्टर का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक विष्णुदत्त खांडल ने बताया कि 23 अप्रैल को स्टीकर विमोचन, 28 अप्रैल को युवा संवाद, 4 मई को हनुमान चालीसा पठन, 5 मई को महिला संकीर्तन, 8 मई को भगवान परशुराम के व्यतित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठी,10 मई को शोभायात्रा, 12 मई को महाआरती के साथ सप्ताह का समापन किया जाएगा। प्रमुख महामंत्री ब्रजराज स्नेही ने बताया कि स्टीकर विमोचन के अवसर पर संरक्षक शंभुदयाल शर्मा, संयोजक बाबू लाल शर्मा, महामंत्री ज्ञानेन्द्र श्रोती, दुर्गा लाल शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, विष्णु पारीक, विवेक शर्मा, गिरीराज शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, राधाकृष्ण दाधीच बम महाराज, विष्णु बाबू शर्मा, देवी प्रकाश तिवाड़ी, सोभागमल शर्मा, प्रकाश पाठक, अनिल शर्मा, पुरषोत्तम जोशी, प्रियदर्शन वैष्णव आदि मोजूद थे।

## सभी जातियों एवं सभी धर्मो के लोगो को साथ लेकर लोकसभा का चुनाव जीतना है : गोवन्दसिंह डोटासरा

### - 26 तारीख वाला काम थे माह को पटा दयो, म्हे बीजेपी का मोरया बुला देलां

खबरों की दुनिया



**निवाई।** ललवाडी चौराहे पर स्थित पूर्व विधायक प्रशान्त बैरवा के फार्म हाउस पर आयोजित चुनावी सभा में मंगलवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटसरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदरसिंह रंधावा व पूर्व विधायक प्रशान्त बैरवा ने कार्यकर्ताओं से टोंक सवाईमाधोपुर लोकसभा चुनाव के कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी हरीश मीणा को अधिक से अधिक मतदान करवाकर जीताने को आह्वान किया। आयोजित चुनावी सभा में प्रदेश प्रभारी सुखबिंदरसिंह रंधावा ने कहा कि जो अपने क्षेत्र की बात नही कर सकता उसका हक नही है वोट लेने का, जो जाति धर्म के ऊपर राजनीति करता है, वह देश का सबसे बडा दुश्मन है, भाजपा वाले कह रहे है 400 पार लेकिन भाजपा 40 सीटो से आगे नहीं जाएंगे। कांग्रेस प्रदेशध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश का सविधान व लोकतंत्र बचाने के लिए लडाई लड रही है। उन्होंने अपने अंदाज में कहा कि 26 तारीख वाला काम थे माह को पटा दयो, म्हे बीजेपी का मोरया बुला देलां, पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा ने मौजूद कार्यकर्ताओं से हाथ खडा करवाकर सांसद प्रत्याशी मीणा को जीताने का आश्वासन दिलवाया। सांसद प्रत्याशी हरीशचन्द्र मीणा ने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ता कमर कसें। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट शंकरलाल चौधरी, शहर अध्यक्ष पारस पहाडी, महावीरप्रसाद पराणा, प्रदीप पारीक, राजेश चौधरी, हंसराज मीणा पीपलू, हंसराज गाता, सीताराम शर्मा अलियाबाद, पप्पूलाल मीणा, सरपंच मदनलाल मीणा, हनुमान मीणा, चंद्रपाल मीणा चोरपुरा, कैलाश मीणा, कैलाश बेनीवाल, देवालाल गुर्जर सींदरा, एडवोकेट सतीश शर्मा, राजेश पारीक खंडवा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बाबूलाल मीणा, विक्रमसिंह गुर्जर, मुरारीलाल मीणा, मुकेश मीणा, बंटी मीणा, शिवराज करीरिया व रामप्रसाद परिडवाल सहित कांग्रेस के सैकडों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रोगी को चिकित्सा का उचित लाभ पहुंचाना है तो प्रैक्टिकल में पारंगत होना चाहिए : प्रदीप कुमार

## - यूनानी मेडिकल कॉलेज में कार्डियो पलमोनरी रिससिटैशन का प्रशिक्षण आयोजित

खबरों की दुनिया








**टोंक।** ग्राम चराई में स्थित यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ यूनानी टोंक में कार्डियो पल्मोनरी रिससिटैशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यूनानी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद इरशाद खान ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (वैध) प्रदीप कुमार प्रजापति, विशिष्ट अतिथि मानव संसाधन विकास केंद्र के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा एवं सीपीआर प्रोग्राम के एक्सपर्ट ट्रेनर एसएन मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रो. डॉ. राजेंद्र तातेढ़ थे। कार्यक्रम में प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की थ्योरी के साथ-साथ हमें प्रैक्टिकल वर्क अधिक आना चाहिए। चिकित्सा क्षेत्र में प्रैक्टिकल चीजों का बहुत अधिक महत्व है। कुलपति प्रजापति ने कहा कि हमें रोगी को चिकित्सा का सही एवं उचित लाभ पहुंचाना है तो थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल में पारंगत होना चाहिए। कॉलेज के मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. सरफराज अहमद ने बताया की पलमोनरी रिससिटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम मानव संसाधन विकास केंद्र के माध्यम से कराया। उन्होंने कॉलेज और चिकित्सालय के शिक्षक, छात्र छात्राओं, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को सीपीआर के बारे में जानकारी देते हुए बताया की सीपीआर एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा है। जब किसी पीड़ित को सांस लेने में दिक्कत हो रही हो या दिल की धड़कन रूक गई हो तो तत्काल सीपीआर देने से रोगी को बचाया जा सकता है।

### कॉलेज एवं चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण कर अधिक से अधिक पेड़ लगाने का दिया संदेश

कालेज की उप प्राचार्य एवं बग्गी खाना चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. नाजिया शमशाद ने बताया कार्यक्रम के अवसर कुलपति प्रजापति एवं मानव संसाधन विकास केंद्र के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने कॉलेज एवं चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण कर छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया।

### औषधि मशीन लगने से रोगियों को चिकित्सालय में गुणवत्तापूर्ण औषधियां निःशुल्क मिलेंगी

सेदला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. फिरोज खान ने बताया की वाइस चांसलर प्रो. (वैध) प्रदीप कुमार प्रजापति ने बग्गी खाना चिकित्सालय परिसर में कहा कि औषधि की नवीन मशीन से चिकित्सालय में अपने उपचार के लिए आने वाले रोगियों को चिकित्सालय में ही विभिन्न प्रकार के रोगों की गुणवत्तापूर्ण औषधियां निःशुल्क मिलेंगी।

कॉलेज के मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. सरफराज अहमद ने बताया की सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम में अदीबा जुबैरी, मरियम, अदीबा अली, माहीन अतीक, अनम खान, सायमा खान, अरहम, नगमा, सबानूर, मिनहाज, सबीना, आलिया, आफरीन, रूबी, अमारा, सिनाम, एमिमा, जैनब, निदा खान, आसिफा, हफ़ीज़, मामून, टिकेंद्र, रिजवाना, ज़ैद, प्रियांशु, दानिश, नदीम, शोएब, मुबारक, अमानुल्लाह, हरेंद्र, जुबेर, उमरा, अर्शी, मिश्कत, हया, अक्सा, अनीस, इमरोज, आरा, शाबिना अख्तर, कहकशा अंसारी, आलिया भाटी, मो. आरिश, मो. फैज, मो. आदिल, शोएब खान, इसाक खान, मो. समीर नईम, मुदस्सर, शरीफ मोहम्मद, जुबैद, सारिक, अनस, अमन, मुख्तियार, फरमान, सरफुद्दीन, शहादत एवं सोहेल समेत कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं बग्गी खाना चिकित्सालय के अन्य कार्मिक मौजूद थे।

## नाथड़ी से ढूंढिया के बीच सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की हुई मौत, पुलिस ने शवों का कराया पोस्टमार्टम

खबरों की दुनिया



**टोंक।** जिले के पीपलू पुलिस थानान्तर्गत नाथड़ी से ढूंढिया के बीच सड़क हादसे में बाइक सवार डॉ युवकों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह नाथड़ी से ढूंढिया के बीच घुमाव के यहां बने खुर्रे समीप सड़क के नीचे गड्ढे में दो युवक मृत अवस्था में पड़े थे। इनमें से एक बाइक से उलझा हुआ पड़ा था तो दूसरा युवक थोड़ी दूर पड़ा हुआ था। इसकी जानकारी वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पीपलू पुलिस को दी तो थानाधिकारी बृजेंद्र सिंह मय जाप्ते के वहां पहुंचे। दोनों युवकों को पीपलू अस्पताल लाया गया जहा दोनो युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया जिनके परिजनों के पहुंचने के बाद शवों का पोस्टमार्टम करा करके शव सुपुर्द किए गए।

मृतक बलराम (24) पुत्र प्रभुलाल जाट निवासी महापुरा, चौथ का बरवाड़ा तथा मनीष (22) पुत्र रतनलाल जाट निवासी नला थाना बरौनी सोमवार को ढूंढिया में एक शादी समारोह में हिस्सा लेने आए थे। बलराम शादीशुदा था तथा प्राइवेट गाड़ी चलाता था जिसके पिता खेती करते है। वही मनीष टोंक रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पिता रामरतन ने बताया कि वह इकलौता पुत्र था। उनके कोई संतान नहीं हैं। दोनों युवकों के परिजन अस्पताल पहुंच जहां उन्हें मृत देखकर माता-पिता, भाई आदि का रो रोकर बुरा हाल था।

## प्रधानमंत्री की सभा में निवाई से सैकड़ों लोग हुए शामिल

खबरों की दुनिया



**निवाई।** टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी सुखबीरसिंह जौनपुरिया के समर्थन में उनियारा मुख्यालय पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में निवाई क्षेत्र से भी सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सांवरमल सैनी ने बताया कि उनियारा उपखंड मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा आयोजित हुई। जनसभा में निवाई से सैकड़ों महिला व पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सुरेशचंद पारीक के नेतृत्व में कार्यकर्ता दो बसों में बैठकर रवाना हुए। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। कार्यकर्ता बीजेपी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे मातरम के गगनभेदी नारे लगाते हुए रवाना हुए। इस दौरान सीमा माथुर, शिवराज पाराशर, राजेश जैन, पं. मोहनलाल शर्मा, टीकमचंद कुमावत, रामजीलाल गुर्जर, महेश पारीक, मुकेश पारीक, गिर्राज चौधरी, पूर्व पार्षद सुमन साहू, दीप्ति गौतम, खुशबू सारस्वत, तुलसीराम चौधरी, सीताराम माहुर, बृजराज मिश्रा, मूलचंद गुर्जर, केदार जाट व सूर्यप्रकाश खंडेलवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# किडनी की तलाश में आधी रात अवतरित हुए नारद



अशोक चतुर्वेदी
व्यंग्यकार

रात का तीसरा पहर...सन्नाटा पसरा हुआ...सब गहरी नींद में...अचानक कुत्तों के भोंकने का शोर उठता है...रह-रह कुत्ते भोंकते हैं और फिर शांति हो जाती है...फिर एक क्षण शोर उठा...लगा श्वान किसी पर हमलावर हैं...उठ कर देखा..एक आदमी हाथ में खरताल लिए सीढ़ी चढ़ा चला आ रहा है...जान ना पहचान, फिर भी उसके कदम ऐसे बढ़ रहे थे मानों पहले आ चुका हो...तो उसे टोका नहीं..इंतजार किया, कहां जाता है... आश्चर्य हुआ जब वह सीधा हमारे कमरे में घुस आया...कुछ बोलते-पूछते इससे पहले ही वह बोला, नारायण-नारायण...यह सब सुना हुआ लगा...वजह की कई धार्मिक चलचित्रों में नारद नारायण-नारायण करते हुए ही एंट्री लेते हैं...लेकिन नारद के घर नारद...आधी रात.. वह भी चोरों की तरह, सोचा नहीं था...फिर कभी नारद को जाहिर तौर पर देखा भी नहीं था...तो शंका थी, हिम्मत करके पूछ लिया-महाशय, आप हैं कौन...और ये नौटंकी वाला रूप धरे आधी रात आने की वजह क्या है? प्रतिउत्तर में फिर नारायण-नारायण निकला और फिर नारद बोले, मैं नारद हूं...नारायण ने भेजा है..बड़ा संकट आन पड़ा है...कुछ किडनियों की जरूरत है...जिस फैक्ट्री में किडनी बनती हैं, वह तकनीकि कारणों से खराब पड़ी है...तो नारायण ने भूलोक पर भेजा है...शहर के बडें अस्पतालों का पता दिया है..बड़े डॉक्टरों की जानकारी ईमेल की है...समस्या ये है कि ये बड़े अस्पताल वाले मुझे जानते नहीं...डॉक्टर भी मदद नहीं करेंगे...तो ख्याल आया नारद ही नारद की मदद कर सकता है...बस यही सोच कर तुम्हारे घर की सीढ़ी चढ़ आया...अब तुम्हे बैंकुठ के लिए कुछ किडनी का इंतजाम करना है...तुम्हे तो पता है हमारे पास कोई किडनी सीधे नहीं पहुंचती... हर बार नई बनानी पड़ती है...जैसे ही कोई प्राण त्यागता है तो उसे फूंक दिया जाता है...तो कोई अंग हमारे पास नहीं पहुंचता...भूलोक से गए डाक्टरों ने बताया है कि देवताओं को किडनी की जरूरत है....जांच में आया है कि ज्यादा सुरापान करने से कई देवताओं की किडनी खराब हो गई है...तो बड़ी उम्मीद लेकर भूलोक पर आया हूं....वह सब तो ठीक है नारदजी, किडनी जयपुर में ही मिलेगी..यह कैसे सोच लिया, जब सवाल किया तो नारद बोले-भतेरे दिन से खबरें छप रही हैं...ईमानदार सरकार में फर्जी काम धड़ल्ले से हो रहे हैं...दो-तीन सालों में एक हजार से ज्यादा किडनी इधर से उधर कर दी गई हैं...इस पर करिश्मा ये कि अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है...जिनके खिलाफ जांच होनी है...वे ही जांच कमेटी में बैठे हैं...इतना अंधेर तो राक्षसों के राज में



भी नहीं होता..भले ही देवताओं से ना बनें लेकिन इतने बुरे तो राक्षस भी नहीं होते कि किडनी का सौदा करें...यह सब तो भूलोक पर ही संभव है...वैसे ऊपर से जब ईमानदारी का शोर सुनते थे तो लगता था अब देवताओ को अवतार की जरूरत नहीं...रामराज आने को है...दावा भी किया जा रहा है लेकिन जब किडनी कथा सुनी तो बड़ी तकलीफ हुई...दर्द तब और बढ़ गया जब ईमानदार राजा ने इस पर दो शब्द तक नहीं कहे..वैसे तो राजा पीढ़ियों की कब्र खोल कारनामे गिनाता-सुनाता है...और सूबे में बड़े-बड़े डाक्टर...ख्यातलब्द अस्पताल गोरखधंधे में शामिल हैं...तो कुछ बोलता तक नहीं...बस तभी इल्म हो गया था कि देवताओ के लिए किडनी की व्यवस्था यहां से हो सकती है...उम्मीद के साथ तुम्हारे दर दस्तक दी है...नारद ही नारद की मदद नहीं करेगा तो फिर कौन करेगा...यही सोच कर सीधे सीढ़ी चढ़ा चला आया...

> किडनी का शोर सब तरफ है और ईमानदार मौन हैं...ख्यातलब्ध डाक्टरों-नामचीन अस्पतालों को जरा भी शर्मिंदगी नहीं...सुना है जिनके खिलाफ जांच होनी है...वे ही कमेटी में बने हुए हैं...फर्जी एनओसी से तीन साल में एक हजार से ज्यादा किडनी ट्रांसप्लांट...निश्चय ही व्यवस्था की पोल खोलता है..इस पर सख्त कार्रवाई नहीं होना, डराने वाला है।

अब तुम्हें कुछ किडनी की व्यवस्था करानी है...बदले में ये हीरे-जवाहरात दे देना...कहते हुए नारद ने खरताल खोला और करोड़ों के हीरे-जवाहरात निकाल टेबल पर रख दिए...एक पल को दुनिया ठहर गई...आंखें चौंधिया गई...इतना खजाना पहली बार देखा था...रहा नहीं गया तो नारद से पूछ लिया...इतना सब लेकर आए...किसी ने पकड़ा नहीं...चुनाव का मौसम है..कैसे यह सब ले आने में सफल रहे? जवाब लाजवाब था, नारद बोले-अव्वल तो किसी को शक ना हो यह सोच पहले ही सारा माल खरताल में छिपा लिया...ईडी-सीबी की नजर ना पड़े तो वेशभूषा आरिजनल रखी...ये नौटंकी वाला समझते रहे और मैं यहां तक पहुंच गया...बहरहाल, नारद मुद्दे पर आते हुए बोले-तुम कुछ किडनी का इंतजाम कराओ..एनओसी दिलवा देना ताकि रास्ते में दिक्कत ना हो...झोला लेकर आया हूं...डाल कर ले जाऊंगा...झोला ही क्यों, फिर हमने सवाल दागा तो नारद बोले, दरअसल झोले पर कोई शक नहीं करता...एक जमाना था जब झोले वाले बाबा को लोग शक की निगाह से देखते थे...बच्चा उठाने वाला बाबा समझ लेते थे...लेकिन अब झोले वाले बाबा की बड़ी साख है...यह कितने ही नेता-नांगल उठाए, आंच नहीं आती इसलिए किडनी झोले में डाल ले जाने का विचार बनाया है...नारद और हमारे बीच संवाद चल ही रहा था कि अचानक तीसरा स्वर सुनाई दिया...आवाज कुछ जानी-पहचानी थी...अंदाजा लगाते इससे पहले ही पत्नी ने झकझोरते हुए कहा, रात में बढ़बढ़ाने की आदत कब से पाल ली...

पहले ही खर्राटे लेते थे...अब नींद में बातें भी करने लगे हो...ये अखबार वगैरहा पढ़ा करो तो बातें दिमाग में मत रखा करो...किडनी-किडनी बोलते कई बार सुना तो नींद टूट गई...शुभ-शुभ बोला करो, हमारे यहां किडनी सबकी दुरूस्त हैं...

भगवान ना करे..कभी इन नामचीन अस्तपालों के हत्थे चढ़ें...वरना तो ये किडनी बेच खाएंगे और डकार तक नहीं लेंगे...तो अब सो जाओ फिर से किसी से बात मत करने लगना...बड़बड़ाने मत लगना...दिन निकलने को है...थोड़ी नींद ले लो...पत्नी हिदायत देती हुई सोने चली गई...हम बहुत देर तक सोफे पर पड़े-पडें छत निहारते रहे...सोचते रहे, सपना था या फिर वाकई नारद किडनी लेने आए थे...तय करना मुश्किल था...तो सोचते-सोचते कम आंख लग गई, पता नहीं चला...दिन चढ़ने पर आंख खुली तो फिर अखबार में किडनी प्रकरण था...।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

# सड़कों पर कैसे थमे अराजकता



आर. के. सिन्हा
पूर्व सांसद, राज्यसभा

यकीन मानिए कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जायेगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है । बात यही खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटर साइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं । यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा। दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुर्माना किये हैं। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुर्माना जारी किए गए, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है।

याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं ढ्ढ उन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं । अब कोई यह न कहे कि पुलिस महकमें में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता।

बहरहाल लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है। देखिए दिल्ली का तो यहां उदाहरण दे दिया गया। यातायात नियमों की तो सारे देश में अनदेखी हो रही है। यह अफसोसजनक स्थिति है।

एक बात और कहने का मन कर रहा है। जब बात सड़कों के चौड़ीकरण, सौदर्यीकरण और इनके विस्तार पर होती है तो पैदलयात्री के बारे में कोई नहीं सोचता। उसकी एक वजह यह भी है कि वह समाज का सबसे बेबस व्यक्ति है। वह गरीब है। उसकी आर्थिक-सामाजिक हैसियत कमजोर है। तो क्या इसलिए वो सड़क पर तड़प-तड़प कर मरने के लिए अभिशप्त है।

**क्या अमीरजादे सड़कों पर पैदलयात्रियों को कुचलते रहेंगे?**

पैदलयात्रियों का सड़कों पर कुचला जाना और यातायात के नियमों अनदेखी का सीधा संबंध है। कारों और दूसरे वाहनों की बिक्री को तो रोका नहीं जा सकता । लेकिन, सरकार कड़े उपाय करके पैदलयात्रिओं को राहत तो दे ही सकती है। फुटपाथों को फिर से कायम तो किया ही जा सकता है । सड़कों के किनारे जहाँ स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद आदि सार्वजनिक स्थान हों वहां तो अंडरपास या फुट ओवरब्रिज बनाये ही जा सकते हैं । कम से कम स्कूल की छुट्टी के समय एक ट्रैफिक का सिपाही तो तैनात हो ही सकता है । आज तो फुटपाथों की स्थिति यह हो गई है कि वहां पुलिस हफ्ते वसूल कर बाजार लगवा रही है। यह हर फुटपाथ पर आप देख सकते हैं । जरा सोचिए कि सड़क हादसों में मरने वालों में 50 फीसद 14-35 साल की उम्र के होते। इनमें से बहुत सारे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं थे। यूं तो सड़क हादसों के तमाम कारण गिनाए जा सकते हैं। पर 66 फीसद हादसों का कारण तेज रफ्तार से और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। तो इस पर हर हाल में नियत्रंण करना होगा। इसके लिए तेज वाहन चलाने वालों पर कठोर दंड लगाया जाना बिल्कुल सही माना जा सकता है। इस सवाल पर कोई बहस हो ही नहीं सकती। सड़क हादसों को रोकने के लिए नागरिकों और पुलिस को समान रूप से अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। सबका सहयोग नहीं रहेगा तो मौजूदा हालात में बदलाव संभव नहीं है। **(यह लेखक के अपने विचार है)**

# निरंतर मेहनत करने वाला अधिवक्ता पहुंचता है शिखर पर: एनके जैन



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** विधि महाविद्यालय केन्द्र-2 राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में लाइव मॉडल मूट कोर्ट का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में विधि महाविद्यालय केन्द्र-2 के छात्र एवं छात्राओं ने हत्या से सम्बन्धित आपराधिक मुकदमें के विचारण को प्रस्तुत किया।


विधि महाविद्यालय केन्द्र-2 के प्राचार्य डॉ. जी. एस. राजपुरोहित ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मद्रास एवं कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनके जैन ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विधि की डिग्री अधीनस्थ न्यायालय, उच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ताओं के पास एक समान होती है लेकिन शिखर पर वही अधिवक्ता पहुंच पाता है जो सतत् रूप से लगातार कठिन परिश्रम करता है।

अतः सभी को निरन्तर मेहनत करते रहना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने की जबकि विशिष्ट अतिथि विधि संकाय की अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष डॉ. संजुला थानवी ने की। अतिधियों का स्वागत विधि महाविद्यालय केन्द्र-2 के प्राचार्य डॉ. जीएस राजपुरोहित ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. राजेश गौड़ ने लाइव मॉडल मूट कोर्ट कार्यक्रम की रूपरेखा से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। अन्त में महाविद्यालय की उप-प्राचार्या डॉ. अंजू गहलोत ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. राजीव सोनी, तरूण कुमार जोनवाल, डॉ. ओपी. सिरवी, डी. योगेश गुप्ता एडवोकेट, कैलाश शर्मा एडवोकेट की परमानन्द शर्मा एडवोकेट, दिनेश यादव एडवोकेट, डॉ. धरमपाल सिंह एडवोकेट, वॉ. अमरदीप सिंह, डॉ. एनएल गुर्जर आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मूट कोर्ट में ट्रायल जज के रूप में रमन नन्दा एवं मदन मोहन गुप्ता ने निर्णय किया।




# सफ़ल व्यक्ति के प्रतिस्पर्धी,उसकी कमजोर कड़ी रेखांकित कर,टांग खींचने में अपनी ताकत झोंक देते हैं



एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानी

**वैश्विक स्तरपर** पूरी दुनियां में प्रौद्योगिकी विज्ञान से से सराबोर होकर अपने-अपने स्तरपर सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं और अब हर देश प्रौद्योगिकी व डिजिटाइजेशन से आछूता नहीं है, जिसका दर्ज़ा बहुत बड़ा हो चुका है इसकी उपलब्धियों के पीछे मानवीय मस्तिष्क का कमाल है जो सफलता के झंडा गाढ़ रहा है। वही आज के युग में तकनीकी प्रौद्योगिकी वह उसके सहारे पूरी दुनिया में कनेक्टिविटी भी बढ़ती जा रही है, इसके लिए राजनीतिक क्षेत्र में बुद्धिजीवी सफल वह पारदर्शी व्यक्तित्व की आवश्यकता होती है,जो पूरी तरह समर्पित होकर भाव से नेतृत्व करें। परंतु लंबे समय से हम देखते आ रहे हैं कि प्रौद्योगिकी युग को गति देने वालों व सामाजिक राजनीतिक धार्मिक क्षेत्र में अपनी सेवा या योगदान देकर समर्पित भाव से कार्य करने वालों की टांग खींचनेका प्रचलन हाल के कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। यह काम ऐसे लोगों द्वारा किया जाता है जो इन क्षेत्रों में अपने वर्चस्व को बनाकर रखना चाहते हैं, उनकी मंशा रहती है कि मुझसे कोई आगे ना बढ़े व उस राजनीतिक सामाजिक धार्मिक संगठन को अपने ढंग से ढालने की कोशिशों में लगे रहते हैं, जिसके चक्कर में वह अपने से प्रबुद्ध विशाल बुद्धिमान सक्रिय सेवक की टांग खींचनें में पूरी ताकत झोंक देते है। अधिकतम फोकस उस सही वह सच्चे सफल इंसान के ऊपर कोई आरोप लगाकर उसकी रेपुटेशन यानें इज्जत की हत्या कर देते है, ताकि वह फिर सर नहीं उठा सके, ऐसे वाक्यात मैंने संगठनों में अत्यंत करीब से देखे हैं कि सफल स्वच्छ व सच्चे इंसान की कोई कमजोर कड़ी को रेखांकित कर उसकी टांग खींचने में पूरी ताकत झोंक लेते हैं क्योंकि एक सफल समझदार व्यक्ति हमेशा अपने ऊपर फेके गए कटाक्ष रूपी पत्थरों से अपनी नीव मजबूत बनाते हैं।इसलिए आज हम मीडियामें उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,सामाजिक राजनीतिक धार्मिक क्षेत्र में मुझसे कोई आगे ना बड़े व संगठन को अपने ढंग से ढालने की कोशिशों में टांग खिंचाई होती है।

साथियों बात अगर हम सफ़लता की सीढ़ी पर चढ़ रहेव्यक्ति की टांग खींचकर गिराने की करें तो, कई बार लोग कई कारणों से सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहे व्यक्ति की टांग खींचते हैं। यह व्यवहार ईर्ष्या, असुरक्षा या परिवर्तन के डर से उत्पन्न हो सकता है। कुछ व्यक्तियों को किसी और की सफलता से ख़तरा महसूस हो सकता है और वे अपने बारे में बेहतर महसूस करने के लिए इसे कमज़ोर करना चाहते हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यह व्यवहार उस व्यक्ति का प्रतिबिंब नहीं है, जो सफलता प्राप्त कर रहा है, बल्कि यह उन लोगों की असुरक्षाओं और प्रेरणाओं का प्रतिबिंब है जो उनकी टांग खींच रहे हैं।

ईर्ष्या और अभिमान, इसके अलावा कम आत्मसम्मान भी इसमें शामिल हो सकता है। जब लोग अपने जीवन में दुखी होते हैं तो वे कई बार दूसरों की सफलता को खतरे के रूप में देखते हैं। दूसरे व्यक्ति को अपने लक्ष्य तक पहुँचने का जश्न मनाने के बजाय यह उनकी अपनी सभी असुरक्षाओं और कथित विफलताओं को सामने और केंद्र में लाता है। उनके अहंकार को ठेस पहुँचती है और इससे ईर्ष्या उत्पन्न होती है। ऐसे लोग हैं जो उन भावनाओं को अपने तक ही सीमित रखेंगे, लेकिन फिर ऐसे लोग भी हैं जो इसे इस हद तक ले जाएंगे कि बाधाएं खड़ी करेंगे या दूसरे व्यक्ति की सफलता या खुशी में तोड़फोड़ करने की कोशिश करेंगे। यह वास्तव में बहुत दुखद है क्योंकि जिसे वे खतरा मानते हैं वह वास्तव में एक बेहतर इंसान बनने के लिए उनकी प्रेरणा हो सकती है। यह सब इस बारे में है कि हम किसी चीज़ को कैसे देखते हैं और हम उस जानकारी का उपयोग कैसे कर सकते हैं। क्या हम इसका उपयोग दोहरी नकारात्मकता पैदा करने के लिए करना चाहते हैं या अपने जीवन में कुछ सकारात्मक लाने के लिए करना चाहते हैं। हमें जीवन में परिस्थितियाँ और बाधाएँ दी जाती हैं जिनसे हमें पार पाना होता है लेकिन अंततः वहाँ रहना हमारी पसंद है। सफल लोग बस ऐसे कदम उठाना चुनते हैं जिनसे सफलता मिल सके। इसका मतलब यह नहीं है कि वे अपने सभी सपने हासिल कर लेंगे, लेकिन अगर वे आगे बढ़ रहे हैं तो उन्हें पता है कि रुके रहने से हमेशा बेहतर है। इससे एक जहरीली मानसिकता पैदा हो सकती है जो उनकी अपनी नकारात्मकता पर विचार करती है। यह एक दौड़ में होने जैसा है और हम दूसरों को अपने से आगे निकलते हुए देखते हैं लेकिन हम स्थिर खड़े रहते हैं। जब तक हम हमेशा बढ़ते रहेंगे, हमको दूसरों को नीचे गिराने की ज़रूरत महसूस नहीं होगी। आशा है कि हम वह व्यक्ति होंगे जो रास्ते में गिरे हुए लोगों को उठा सकते हैं। कई बार लोग कई कारणों से सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहे व्यक्ति की टांग खींचते हैं। यह व्यवहार ईर्ष्या, असुरक्षा या परिवर्तन के डर से उत्पन्न हो सकता है। कुछ व्यक्तियों को किसी और की सफलता से ख़तरा महसूस हो सकता है और वे अपने बारे में बेहतर महसूस करने के लिए इसे कमज़ोर करना चाहते हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यह व्यवहार उस व्यक्ति का प्रतिबिंब नहीं है जो सफलता प्राप्त कर रहा है, बल्कि यह उन लोगों की असुरक्षाओं और प्रेरणाओं का प्रतिबिंब है जो उनकी टांग खींच रहे हैं। इस दुनिया में किसी भी दो लोगों के पास सटीक क्षमता और रवैया नहीं है। कुछ महत्वाकांक्षी और वास्तविकता प्रेमी होते हैं जबकि अन्य केवल दबंग और चापलूसी प्रेमी होते हैं। तो, निश्चित रूप से, जब ऐसे लोग किसी समय टकराते हैं, तो बाद वाले को एहसास होता है कि दुनिया उसकी घड़ी के अनुसार काम नहीं करती है और ऐसे लोग अपने सामने आने वाली वास्तविकता को सहन नहीं कर सकते हैं। इसलिए दुनिया को अपने अनुसार ढालने की कोशिश में वे उन लोगों को नीचे गिराने की कोशिश करते हैं जिन्होंने अपनी निष्पक्ष मेहनत से प्रसिद्धि अर्जित की है। लेकिन ऐसे संकीर्ण दिमाग कभी भी वास्तविक सफलता की गहराई को नहीं समझ सकते हैं और यह भी कि कड़ी मेहनत से अर्जित गौरव को नफरत के सस्ते कृत्यों से कभी कम नहीं किया जा सकता है।यह अधिकांश मनुष्यों के लिए भी सत्य है। जब दूसरे लोग जीवन में आगे बढ़ते हैं तो उन्हें ईर्ष्या महसूस होती है।

वे यह सुनिश्चित करने के लिए कई चीजें करते हैं कि उनका विकास सुचारू रूप से न हो। मैं निश्चित तौर पर इस बात से सहमत होऊंगा कि सभी इंसान ऐसे नहीं होते। लेकिन जब हम अपने आस-पास के लोगों से बुरी तरह प्रभावित होते हैं, तो पूरी दुनिया को काले रंग में रंगना स्वाभाविक है।लोग समझते हैं कि दूसरों का स्तर गिराकर वे महान हैं।

वो लोग यह नहीं समझते कि महान बनने के लिए अपनी लाइन बढ़ानी पड़ती है, अपनी लाइन घिसानी नहीं पड़ती।लेकिन लोग इस बात को नहीं समझते और हमेशा लोगों की टांग खींचते रहते हैं एक दयालु और अच्छा इंसान होने के दुष्प्रभाव यह है कि इस दुनिया में हमारे माता-पिता के अलावा कोई भी हमारी प्रगति या हमारी दयालुता से खुश नहीं होगा। यही बुनियादी मनोविज्ञान है।सफल लोग बस ऐसे कदम उठाना चुनते हैं जिनसे सफलता मिल सके। जब तक हम हमेशा बढ़ते रहेंगे, हमको दूसरों को नीचे गिराने की ज़रूरत महसूस नहीं होगी। आशा है कि हम वह व्यक्ति होंगे जो रास्ते में गिरे हुए लोगों को उठा सकते।

साथियों बात अगर हम टांग खींचने को गंभीरता से नहीं , लेने की करें तो, जब कोई मेरी टांग खींचता है तो मैं इसे गंभीरता से क्यों लेता हूं? मुझे क्या करना चाहिए?जब कोई हमारी टांग खींच रहा है और हम यह अच्छी तरह से जानते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जो कुछ भी किया गया है वह केवल मनोरंजन के लिए है। इसे गंभीरता से लेने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। ऐसा हो सकता है कि हमको यह पसंद न हो कि दूसरे लोग आपके बारे में क्या बातें कहते हैं, लेकिन फिर हमको यह समझना होगा कि उनका हमको ठेस पहुँचाने का कोई इरादा नहीं है और यह बस लापरवाही से कहा गया है। ऐसी स्थितियों में सबसे अच्छी बात यह है कि ऐसी बातों को गंभीरता से न लें और उन्हें जाने दें। यदि आपको सही लगता है तो हम लापरवाही से भी प्रतिक्रिया दे सकते हैं अन्यथा बुरा मत मानना। इस दुनिया में किसी भी दो लोगों के पास सटीक क्षमता और रवैया नहीं है। कुछ महत्वाकांक्षी और वास्तविकता प्रेमी होते हैं जबकि अन्य केवल दबंग और चापलूसी प्रेमी होते हैं। तो, निश्चित रूप से, जब ऐसे लोग किसी समय टकराते हैं, तो बाद वाले को एहसास होता है कि दुनिया उसकी घड़ी के अनुसार काम नहीं करती है और ऐसे लोग अपने सामने आने वाली वास्तविकता को सहन नहीं कर सकते हैं। इसलिए दुनिया को अपने अनुसार ढालने की कोशिश में वे उन लोगों को नीचे गिराने की कोशिश करते हैं जिन्होंने अपनी निष्पक्ष मेहनत से प्रसिद्धि अर्जित की है। लेकिन ऐसे संकीर्ण दिमाग कभी भी वास्तविक सफलता की गहराई को नहीं समझ सकते हैं और यह भी कि कड़ी मेहनत से अर्जित गौरव को नफरत के सस्ते कृत्यों से कभी कम नहीं किया जा सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मानवीय जीवों में दूसरों की टांग खिंचाई का प्रचलन तेजीसे बढ़ा सामाजिक राजनीतिक धार्मिक क्षेत्रों में मुझसे कोई आगे ना बढ़े,संगठन को अपने ढंग से ढालने की कोशिशों में टांग खींचाई होती है।सफ़ल व्यक्ति के प्रतिस्पर्धी,उसकी कमजोर कड़ी रेखांकित कर टांग खींचने में अपनी ताकत झोंक देते हैं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

# जिले भर में रामभक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया धूमधाम से

## मंदिरों में हुए अखंड पाठ एवं पूजा अर्चना धौलपुर में शोभायात्रा निकलेगी 27 अप्रैल को

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

रामभक्त हनुमानजी का जन्मोत्सव जिलेभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंगलवार सुबह से ही हनुमान मंदिरों में दर्शन करने वाले भक्तों का सिलसिला रहा। जन्मोत्सव के लिए कई मंदिरों में सोमवार से ही अखंड रामायण पाठ हो रहे थे और मंगलवार दोपहर में जन्मोत्सव के साथ अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ।

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शहर के सभी मंदिरों को फूलों से सजाया गया है और वहीं कई मंदिरों पर भगवान को छप्पन भोग की प्रसाद दी भी लगाई गई है। हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन शहर के प्रसिद्ध पुरानी छावनी हनुमान मंदिर, पेंच वाले हनुमान मंदिर, लाठखेड़ा हनुमान मंदिर, शेरगढ़ किले वाले हनुमान मंदिर, सती वाले हनुमान जी, ताल वाले हनुमान धाम सहित अन्य मंदिरों में धूमधाम से किया जा रहा है। मंदिरों में अखंड रामायण और सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जा रहे हैं।

हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष निकाले जाने वाली ऐतिहासिक शोभा यात्रा को इस बार चुनाव के चलते स्थगित किया गया है। हनुमान शोभायात्रा कमेटी द्वारा शोभायात्रा को 27 अप्रैल को धूमधाम से निकाला जाएगा।



रामभक्त हनुमानजी का जन्मोत्सव शहर में धूमधाम से मनाया गया। शहर में पहली बार हनुमान शोभायात्रा का आयोजन किया गया। गुमट के हनुमान मंदिर से शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई। शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में हनुमान के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु लालियत दिखाई दिए। राम भक्त हनुमान का स्वरूप भी निकाला गया और भगवान राम, भ्राता लक्ष्मण एवं माता जानकी की झांकी को देखने के लिए शहर वासी उमड़ पड़े। शहर के गुमट हनुमान मंदिर की बजरंग सेवा समिति के अध्यक्ष भगवती प्रसाद मित्तल ने बताया कि हर वर्ष मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन इस बार मंदिर के श्रद्धालु और सेवा समिति के जुड़े पदाधिकारी के साथ लोगों की इच्छा थी कि हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन किया जाए। ऐसे में सभी की सहमति से शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसके लिए शोभायात्रा संयोजक रामकुमार चौधरी को बनाया गया। टीम द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। शाम को मंदिर पर फूल बंगला झांकी सजाई गई। 56 भोग की प्रसादी भी लगाई गई है साथ में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के विभिन्न मंदिरों पर आयोजन हुए। शहर के पोद्दार बगीची स्थित पाताली हनुमान मंदिर, मनोहर दास हनुमान मंदिर, तुलसीवन हनुमान मंदिर, पटवारी हनुमान मंदिर, होद वाले हनुमान मंदिर, कुल्ली वाले



हनुमान मंदिर, सीता वाली बगीची हनुमान मंदिर, यीशु वाले हनुमान मंदिर सहित माली वाले हनुमान मंदिर पर विशेष सजावट की गई।

राजाखेड़ा कस्बे में मंगलवार को भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर कस्बे के विभिन्न मंदिरों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कस्बे के हाट मैदान स्थित महते की हनुमान मंदिर पर हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया और संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। भगवान हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा को लेकर शोभायात्रा कमेटी ने बताया कि गत दिनों कस्बे के महते की मन्दिर पर हनुमान जयंती महोत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई, वहीं श्री हनुमान उत्सव एवं शोभायात्रा निकालें जाने की तिथि के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि 23 अप्रैल को अधिक शादी-विवाह होने के कारण यह तय किया गया कि श्री हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा 30 अप्रैल मंगलवार को निकाली जाएगी, जो कस्बे के हाट मैदान स्थित महते की मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजार से निकलकर कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पर जाकर समाप्त होगी। इस दौरान शोभायात्रा में कई आकर्षक झांकियां और बैंड शामिल रहेंगे।

# एक बुजुर्ग महिला ने कुएं में लगाई छलांग

## महिला मानसिक रूप से परेशान बताई

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

कोतवाली थाना क्षेत्र के कोटला मौहल्ले में एक बुजुर्ग महिला ने कुएं में छलांग लगा दी। बुजुर्ग महिला की चप्पल और मोबाइल कुंए की मुंडेर पर मिलने के बाद परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर महिला के शव को कुएं से बाहर निकाल कर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।





हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाली थाने के एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक महिला माया पत्नी रामवीर कुशवाह लंबे समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। महिला के परिजनों से पूछताछ में पता चला कि पहले भी महिला कई बार घर छोड़कर जा चुकी थी। जिसकी तलाश करने के बाद परिजन उसे अपने साथ वापस ले आए। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को बुजुर्ग महिला को उसके परिजन अस्पताल से दवाई दिलाकर लाए थे। रात को घर पर सभी लोगों की सो जाने के बाद महिला घर से निकलकर कुएं में कूद गई। एएसआई ने बताया कि मंगलवार सुबह परिजनों ने जब महिला को तलाश किया, तो उसकी चप्पल और मोबाइल कुए की मुंडेर पर मिली। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। उन्होंने बताया कि कुंए में चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान महिला के शव होने की जानकारी पुलिस को मिल गई। जिसके बाद महिला के शव को कुंए से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से राहगीर की मौत

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

सैंपऊ थाना क्षेत्र में उमरारा गांव के पास पैदल जा रहे राहगीर को एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए स्थानीय लोग जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित करते हुए शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल पहुंचे सैंपऊ थाने के सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि मृतक युवक लौहरे पुत्र बच्चू सिंह जाटव निवासी उमरारा अपने गांव के पास खेतों पर काम करने के लिए गया था।

खेतों पर काम करने के बाद जब युवक वापस अपने गांव की ओर लौट रहा था। तब तेज गति से आते ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हुए युवक को लेकर स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

सब इंस्पेक्टर ने बताया कि मंगलवार को परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद मृतक युवक का पोस्टमार्टम करा दिया है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के सब को परिजनों के सुपुर्द करने के बाद पुलिस मौके से फरार ट्रैक्टर की तलाश में जुट गई है।

# बाल श्रीकृष्ण ने मैया यशोदा से कहा मैया मेरी मैं नहीं माखन खायो

**मुरैना ● खबरों की दुनिया**

कालिया नाग का वध श्री कृष्ण की प्रचलित बाल लीलाओं में से एक है। एक बार श्री कृष्ण अपने मित्रों के साथ यमुना नदी के किनारे गेंद से खेल रहे थे। अचानक गेंद यमुना नदी में चली गई और श्रीकृष्ण के सारे मित्रों ने मिलकर उन्हें नदी से गेंद लाने को भेज दिया। बाल श्रीकृष्ण भी एकदम से कदंब के पेड़ पर चढ़कर यमुना में कूद गए वहां उन्हें कालिया नाग मिला। श्री कृष्ण ने अपने भाई बलराम के साथ मिलकर जहरीले कालिया नाग का वध कर दिया।




किशन नगर वीरमपुरा के बी.आर.फार्म हाउस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को कथा व्यास कान्हा सरकार ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं पूतना वध, कालिया नाग का मर्दन की कथा सुनाते हुए कहा कि जब कंस ने पूतना नाम की राक्षसी को बाल कृष्ण का वध करने के लिए भेजा जैसे ही पूतना गोकुल पहुंची उसने एक सुंदर स्त्री का रूप धारण कर लिया। स्त्री का रूप धारण कर पूतना घर-घर जाकर कृष्ण की तलाश करने लगी। कृष्ण की खोज में पूतना को जो भी बालक मिलता वो उसे अपने विष वाले दूध को पिलाकर मार देती। कथा व्यास ने गोवर्धन पर्वत की कहानी सुनाते हुए कहा कि इस कहानी से भी हर कोई परिचित है जो कि उनकी प्रचलित कथाओं में से एक है। कार्तिक मास में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाकर पूरे नगर वासियों को पर्वत के नीचे बुला लेते हैं। जिससे हारकर इंद्र एक सप्ताह के बाद बारिश को बंद कर देते हैं। अंत में ब्रज के अंदर भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं। कथा के अंत में भागवत आरती कर परीक्षित श्रीमती शांति देवी, किशन सिंह दंडोतिया, राजेश दंडोतिया, बंटी दंडोतिया, प्रियंका, गोपाल बंसल ने छप्पन भोग का प्रसाद वितरण किया गया।

# हनुमान जन्मौत्सव बडी धूमधाम से मनाया गया



**खबरों की दुनिया**

**नदबई।** उप तहसील मुख्यालय लखनपुर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर हर बर्ष की भाती हनुमान जन्मौत्सव बडी धूमधाम से मनाया गया समाजसेवी एडवोकेट महेश लखनपुर ने बताया की हनुमान मंदिर से गांव लखनपुर परिक्रमा मार्ग होते हुए पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर हैड खैमचंद शर्मा, कास्टेबल भगवान सिंह, हनुमान मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह चौधरी अध्यक्ष कॉपरेटिव संघ लखनपुर, मदनसिंह, राजेन्द्र फौवदे,भरत मैडिकल, तारा, सत्तन, हेमराज, दीनदयाल कटारा, यदुवीर सिंह, जगदीश, गौरव नंबरदार, दीपू नंबरदार, मनोज आदि गौड ब्राह्मण,प्रकाश डीलर,गोविंद भगत,दिनेश, डोरीलाल कटारा, काशी, पंडित नेतराम कटारा, रामू, चौहान, मुरारी बधेल, सूरज, दीपक, भीम, पुष्पेन्द्र, रमन बधेल, रतनसिंह बधेल, रवि, नटवर, सौनू , राजपाल, एडवोकेट भूदेव, मोहित, खाटूश्यामजी मंडल अध्यक्ष कप्तान सिंह, धर्मवीर चौधरी, डिगम्बर, बलराम चौधरी, गिरधर पटेल, कुंवरसिंह, लोकपाल, लाखन ठाकुर, लेखराज आदि उपस्थिति रहे।

# सिविल, पुलिस एवं आरएसी कार्मिकों हेतु मतदान सुविधा केन्द्र संचालित

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मलाल जाट ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 पोस्टल बैलेट के द्वारा मतदान प्रतिशत बढाये जाने हेतु जिले की विधानसभाओं एवं राजस्थान प्रदेश के समस्त जिलों की विधानसभाओं के सिविल, पुलिस एवं आरएसी कार्मिकों हेतु जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में सुविधा केन्द्र का संचालन 24 एवं 25 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक किया जायेगा। सुविधा केन्द्र पर कार्मिक मतदाता मतदान कर सकेंगे।

# बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**राजाखेड़ा ● खबरों की दुनिया**

कस्बे में पुराने कोर्ट के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार युवक नीतेश पुत्र अशोक कुमार निवासी जाटवान कला पठान मोहल्ला यूपी से अपनी साली की शादी में राजाखेड़ा आया हुआ था। जिसकी तैयारियों को लेकर नीतेश मैरिज गार्डन गया था। इस दौरान वापस आते समय पिनाहट तिराहे की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने नीतेश की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे नीतेश और उसका साढू फूलसिंह घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए परिजनों ने राजाखेड़ा सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से नीतेश की गंभीर हालत होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं घायल फूलसिंह को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करा शव सुपुर्द कर दिया है।

### पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक ने की समीक्षा बैठक

# अधोसंरचना कार्य, सेफ्टी एवं ट्रेन यात्रियों की सुरक्षा पर हुई चर्चा

**जबलपुर ● खबरों की दुनिया**

पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने मंगलवार को प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सेफ्टी, पंक्चुवेलिटी, रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई।

इसके साथ ही माल ढुलाई से आय की वृद्धि, अधोसरंचनात्मक कार्यों की समीक्षा, समय पालन बद्धता, बिजनेस डेवलपमेंट जैसे अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।



इसके अतिरिक्त वन्दे भारत ट्रेन की मॉनेटरिंग, गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल, गुड्स शेड उन्नयन कार्य इत्यादि विषयों पर भी चर्चा की। महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेलवे में चल रही परियोजनाओं और अन्य विकासात्मक अधोसरंचना कार्यों के निर्धारण, समापित क्रियान्वयन और प्रगति के लिए पश्चिम मध्य रेल के पूंजी व्यय योजना पर विस्तार से चर्चा की।

महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेल पटरियों के किनारे पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन पर किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंडलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा अभियानों का अनुपालन सुनिश्चित करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें।

उन्होंने कहा कि सिग्नलों, रेल फेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए।

उन्होंने रेल परिचालन में मानव विफलता को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेल दुर्घटनाएं न हों इसके लिए ड्यूटी पर सतर्क रहें।

बंदोपाध्याय ने विभागीय प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे सुरक्षा एवं संरक्षा और यात्री सुविधाओं की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समय से ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित करे। इसके साथ ही माल लदान में भी तेजी लाएं, जिससे रेलवे की आय बढ़े।

# मतदाताओं को जागरूक करने दिलाई शपथ

**मुरैना।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मुरैना की नंवाकुर संस्था राधा माधव जन कल्याण एवं मानव उत्थान समिति मुरैना के द्वारा विकासखंड समन्वयक अनिल मोदी के मार्गदर्शन जिले में मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास लगातार जारी हैं। इसी योजना के तहत शासकीय माध्यमिक विघालय चम्बल कालोनी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चम्बल कालोनी विघालय के स्टाफव बच्चों के साथ मिलकर उत्साह के साथ मतदाताओं को घर से निकालने के लिए प्रेरित करने के प्रयास पर चर्चा की गई, वहॉ मौजूद स्टाफ ने मतदान करने की सपथ दिलवाई। इस अवसर पर चम्बल कालोनी विघालय के स्टाफ रामनरेश डन्डौतिया, जिला अध्यक्ष उमेश पाठक, बाहिद्व हुसैन सिद्वीकी, मन्जू शर्मा, ममता शर्मा, सरिता शर्मा, नीलम शर्मा, मिथिलेश चौहान के अलावा जन अभियान परिषद विकासखंड मुरैना से सीएमसीएलडीपी योजना के परामर्शदाता संजीव खेमरिया, ब्रजेश राय, नंवाकुर संस्था से गिर्राज शर्मा उपस्थित रहे।

# डॉ दिव्यांशु तोमर बने कृषि वैज्ञानिक, नगर को किया गौरवान्वित

**मुरैना।** पोरसा नगर में रहने वाले डॉ दिव्यांशु सिंह तोमर पुत्र अनीता तोमर प्रभारी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल औरेठी दयानंद सिंह तोमर निवासी कोथर कला हाल मुकाम श्रृजन धनेटा रोड पोरसा का एसएमएस सब्जेक्ट मैटर स्पेशलिस्ट कृषि वैज्ञानिक के रूप में चयन हुआ है। इससे पहले दिव्यांशु तोमर पशु चिकित्सा अधिकारी अटेर में पदस्थ थे।

डॉ दिव्यांशु को कृषि अनुसंधान परिषद के द्वारा केंद्रीय कृषि अभियंता की संस्थान भोपाल में पदस्थ किया गया है। श्री तोमर के चयन होने पर खुशी का इजहार कर मिठाई वितरण की गई। मिठाई वितरण करने वालों में हिमांशु सिंह तोमर, रामकिशोर तिवारी, श्रीचंद्र उपाध्याय, रामदत्त शर्मा, योगेंद्र सिंह तोमर, विनोद शर्मा, कमलेश मिश्रा, सुरेश जाटव, हरि सिंह तोमर, वीरेंद्र सिंह तोमर, महावीर जैन अध्यक्ष व्यापार संघ पोरसा, माधव गांगिल, राधा कृष्ण गुप्ता आदि प्रमुख है।

# धोखाधड़ी कर एक ही प्लॉट को दो जगह बेचने के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

धोखाधड़ी कर एक ही प्लॉट को दो जगह बेचने के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने कोर्ट के जरिए थाने में मामला दर्ज कराया था। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर कैलाश चंद्र ने बताया कि गत वर्ष 23 नवंबर को सरला दुबे ने कोर्ट के जरिए एक मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया था कि उसने वर्ष 2015 में अंजना कॉलोनी में कलावती कुशवाहा से एक प्लॉट खरीदा। उस प्लॉट को धोखाधड़ी कर कलावती की बहन अंगूरी देवी के साथ कांता देवी और उसके पति केवल सिंह ने किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दिया। एक ही प्लॉट के दो मालिक होने के बाद सरला दुबे ने थाने में कोर्ट के जरिए मामला दर्ज कराया। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर कैलाश चंद्र ने बताया कि अंगूरी देवी ने धोखाधड़ी करते हुए कांता देवी और उसके पति केवल के साथ मिलकर प्लॉट को दूसरे व्यक्ति को बेच दिया था। जिस मामले में दोनों महिला अंगूरी और कांता के साथ आरोपी केवल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे पुलिस पूछताछ कर रही है

# बॉस्केटबाल समर कप चैंपियनशिप अंडर-10 संपन्न

**जयपुर ● खबरों की दुनिया**

इंटर स्कूल बास्केटबॉल समर कप चैंपियनशिप अंडर-10 का समापन फाइनल मैच में विनर्स को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। चैंपियनशिप का आयोजन प्रताप रोड स्थित टीओलर हाई स्कूल की ओर से किया गया। फाइनल मैच में सिरसी रोड स्थित ओरोबिन्दो इंटरनेशनल स्कूल ने कडे मुकाबले में टीओलर स्कूल को हराया। आयोजन के बाद विजेता स्कूल के कोच रामसिंह शेखावत ने बताया कि प्रद्युम्न सिंह, दक्ष शर्मा और सारंग सिंह के प्रदर्शन की तारीफ की।

आयोजन में विजेता रही टीम को निदेशक डॉ. भारत पाराशर एवं प्रिंसीपल करूणा नागपाल ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



खबरों की दुनिया

एक नजर

# धूमधाम से की मूर्ति स्थापना जल यात्रा निकाली



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** शहर के मत्स्य महादेव मंदिर पर मंगलवार को गजानंद महाराज, नंदीजी की मूर्ति की धूमधाम से स्थापना हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में गणेश मंदिर कोटा बैरियर से जल यात्रा निकाली गई, जो मुख्य मार्ग से होती हुई मंदिर परिसर पहुंची। जहां मूर्तियों का अभिषेक कर हवन प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम में महाप्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य जजमान दिनेश वधवा, केशु वधवा, कमल अरोड़ा, मुकेश सुथार, मोजी अरोड़ा, दुर्गेश सेन रहे। मूर्ति स्थापना पंडित सतीश कुमार शर्मा पंडित मयंक कुमार शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम में मारुति मानस मंडल संरक्षक कमल अरोड़ा, दिनेश वधवा, जसवंत सरदार किशोर कुमार वधवा, दिनेश सेन, प्रदीप माणिक मंडल, अध्यक्ष श्याम गुलाटी, पार्षद संजय रेठूदिया, पंकज परमार, बिट्टू सिंह, दुर्गेश सेन, दुर्गेश कुमार, राधा मीणा, शशि अरोड़ा, मीना राठौर, आशा, सुमन, रश्मि शर्मा, नीलू, जसवंती गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हत्या के मामले में आजीवन कारावास से किया दंडित जुर्माना लगाया

## –केरोसिन डालकर महिला के लगाई थी आग

खबरों की दुनिया



**रावतभाटा।** बेगूं एडीजे न्यायालय ने मंगलवार को हत्या के मामले में फैसला सुनते हुए मां, बेटे सहित 3 आरोपियों को उम्रकैद और 50-50 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया। मामला वर्ष 2016 का रावतभाटा थाना क्षेत्र के गांव लाडपुरा का था । महिला को आरोपियों ने केरोसीन डाल कर आग लगा दी थी । घटना के बाद महिला ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया था।

एडीजे न्यायालय के न्यायाधीश राकेश गोयल ने हत्या के आरोपी शैतान पुत्र फूलचंद धाकड़, जिला कोटा, थाना चेचट, गांव कोटड़ी के रहने वाले राजेंद्र उर्फ राजू पुत्र बलराम कीर और उसकी मां रामनाथी बाई कीर को धारा 302 में उम्रकैद और 50-50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं देने पर आरोपीयो को 1 साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 324 में 3 साल का कारावास, 5 हजार रुपए जुर्माना। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास, धारा 342 में 1 वर्ष का कारावास, 1 हजार रुपए जुर्माना। जुर्माना नहीं देने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए। अपर लोक अभियोजक फरीद मोहम्मद मिर्जा ने पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए 18 गवाह और 15 दस्तावेजी साक्श न्यायालय में प्रस्तुत किए।

**यह था मामला :** अपरलोक अभियोजक एडवोकेट फरीद मोहम्मद मिर्जा ने बताया कि गांव लाडपुरा की रहने वाली इन्द्रा देवी पत्नी रमेश नाई की हत्या के आरोप में कोर्ट ने राजू, रामनाथी और शैतान को दोषी ठहराया। घटना वर्ष 2016 मे कुंडाल के लाडपुरा गांव की थी । होली खेलकर इन्द्रा घर जा रही थी आरोपी महिला को रास्ते से पकड़कर शैतान के घर ले गए। वहाँ मां-बेटे राजू, रामनाथी और शैतान ने इन्द्रा पर बोतल से केरोसीन डाला और आग लगा दी। आग से बुरी तरह झुलसी महिला घर पहुंची और घटना पति को बताई। गंभीर हालत में झुलसी महिला को कोटा रेफर किया। जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। रावतभाटा पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ चलान पेश किया।

**अवैध संबंधों के शक मे की थी हत्या :** कुन्डाल के लाडपुरा की रहने वाली महिला इन्द्रा नाई की हत्या का कारण अवैध संबंधों की शंका था। बताया गया कि आरोपी महिला और आरोपी शैतान के बीच अवैध संबंधों की शंका इन्द्रा सेन को हुई। इस कारण आरोपियों ने घर ले जाकर झगड़ा किया। इस बीच उन्होंने केरोसीन डाल कर आग लगा दी।

# एनडीपीएस एक्ट में एक गिरफ्तार जेल भेजा



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** थाना रावतभाटा के ए श्रेणी के हिस्ट्रीशीटर रफीक खान को नेक चलनी में पाबंद कराए जाने पर भी निर्धारित सीमा अवधि में अपराध करने पर धारा 122 सीआरपीसी के तहत गिरफ़्तार कर जेल भेजा। थाना अधिकारी रायसल सिन्ह ने बताया की पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव के संदर्भ में चलाये जा रहे आदतन हार्डकोर एव हिस्ट्रीशीटर अपराधियो पर निगरानी रख उनको पाबन्द कराने के लिए अभियान चलाया गया। जिस पर भगवन्तसिंह हिंगड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभुलाल कुमावत पुलिस उप अधीक्षक वृत के पर्यवेक्षण में ए श्रेणी के हिस्ट्रीशीटर रफीक खां पिता निसार अहमद उम्र 50 साल निवासी चक्की मोहल्ला रावतभाटा को धारा 110 सीआरपीसी के तहत आगामी 6 माह के लिए पाबंद करवाया गया था। परंतु हिस्ट्रीशीटर रफीक खान द्वारा स्मैक का अवैध कारोबार करते हुए पकड़े जाने पर एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर बेगू जेल भिजवाया गया था। उक्त हिस्ट्रीशीटर ने उपखण्ड अधिकारी के धारा 117 सीआरपीसी की नेक चलनी की शर्तो का उल्लंघन करना पाया जाने पर आरोपी को एसडीम रावतभाटा न्यायालय में पेश किया गया। जिस पर न्यायालय ने पाबंद की शेष अवधि तक बेगू जेल में निरूद्ध करने के आदेश दिए।

# हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर निकाला फ्लैग मार्च



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के मददेनजर सोमवार को शहर में स्थानीय पुलिस ने हरियाणा पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में शहर के विभिन्न इलाकों से फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च पुलिस उपाधीक्षक प्रभु लाल कुमावत के निर्देशन में निकाला गया। शाम 5 बजे के लगभग परमाणु बिजलीघर आवासीय कॉलोनी से शुरू हुआ। फ्लैग मार्च मुख्य मार्गो से होता हुआ शहर के विभिन्न इलाकों से गुजरा। फ्लैग मार्च में हरियाणा पुलिस के पुलिस उपाधीक्षक सुंदर सिंह, थाना अधिकारी रायसल सिंह शेखावत, हरियाणा पुलिस इंस्पेक्टर मनदीप सिंह सहित हरियाणा पुलिस के 95 जवान एवं स्थानीय पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# खेत में लगी आग दमकल कर्मियों ने बुझाई



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** नगर पालिका कि अग्निशमन शाखा को मंगलवार को आग लगने की सूचना मिलने पर अग्निशमन दल घटनास्थल के लिए रवाना हुआ।

आगजनी की दुर्घटना सुखपुरा ग्राम नयागांव धांगडमऊ में कालूराम रेगर, गोपी रेगर के खेत में लगी, खेतों में जाने के लिए रास्ता नहीं होने पर बड़ी समस्या का सामना कर दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। जिसमें सूखी घास और लकड़ी जल गई। आग बुझाने के लिए होजरीलहोज और मॉनिटर का उपयोग किया गया। दमकल कर्मियों ने 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने में ड्राइवर नजीर खान साहिल खान राहुल बिजोलिया ने सहयोग किया।

# हज यात्रा पर जाने वालों का किया इस्तकबाल



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** इस्लाम धर्म के मुकद्दस सफर पर इस वर्ष जाने वाले जायरिनो का गरीब नवाज वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी ने इस्तकबाल किया। हज यात्रा पर जाने वाली रईसा बेगम बड़ोदिया सदर शरीफ खान पूर्व सरपंच बाबू मंसूरी उमर असगर रफीक इंसाफ जाकिर का सोसाइटी सदर मुनाफ खान , नायब सदर फैजान शेख ने माला पहनाकर इस्तकबाल किया। इस अवसर पर मन्नू खा अन्नू खा सलीम पठान नजीर खान निजाम अंसारी तारीफ खान दानिश पठान शोएब शेख आसिफ तौकीर नाजिम सहित सदस्य मौजूद रहे।

# कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ उदयभान सिंह ने बताये बागवानी करने के गुर



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कस्बा भुसावर में संचालित राजकीय कृषि महाविद्यालय के डीन उदयभान सिंह ने कहा कि गर्मी के दिनों में आम, नीबू, मौसमी आदि में फल गिरना आम समस्या है। जिससे इन फलों का उत्पादन 15 से 20 प्रतिशत तक गिर जाता है। डीन उदयभान सिंह ने बताया कि 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापक्रम व आंधी या तेज हवा चलने से आम व नीबू में फल गिर जाता है। इसकी रोकथाम के लिए किसान नियमित सिंचाई करके खेत में नमी बनाये रखे तथा प्लानोफिक्स आधा मिली. प्रति लीटर पानी के घोल का छिडकाव करे। आंधी से बगीचे को बचाने के लिए खेत के उत्तर पश्चिम दिशा में वायु रोधक पौधे जैसे नीम, जामुन, सहजन आदि लगाने चाहिए। पौधो में गौबर की खाद व संतुलित मात्रा में खाद व उर्वरक देने से फल कम गिरते हैं।

# टैक्टर-ट्रॉली में पीछे से घुसा टेलर, हादसे में युवक की मौत, पति-पत्नी घायल, आधा दर्जन बाल-बाल बचे

## –अरौदा से जागरण में शामिल होकर लौट रहे थे टैक्टर-ट्रॉली सवार

खबरों की दुनिया

**हलैना।** जयपुर-आगरा नेषनल हाइवे-21 स्थित हलैना थाना क्षेत्र के गांव बेरी के पास मंगलवार को सुबह फोरलेन पर आवारा जानवरों को बचाने के प्रयास में एक टेलर ने आगे चल रही टैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिस हादसा में टैक्टर-ट्रॉली में सवार 30 वर्षीय एक युवक की हादसा स्थल पर मौत हो गई और एक दम्पति गम्भीर रूप से घायल हो गया, जबकि टैक्टर-ट्रॉली में सवार अन्य आधा दर्जन से अधिक लोग बाल-बाल बच गए। टैक्टर-ट्रॉली में सवार लोग नदबई थाना के गांव अरौदा से धार्मिक कार्यक्रम के तहत हुए रात्रि जागरण में षामिल होकर वैर थाना के गांव प्रेमनगर व हिसामडा लौट रहे थे। हादसा की भनक तथा घायल लोगों की मदद को टोल वसूल कम्पनी की सुरक्षा व मैडिकल टीम नही आने पर गांव अरौदा,हिसामडा व प्रेमनगर के लोगों ने जयपुर नेषनल हाइवे-21 को अवरूद्व करने का प्रयास किया,लेकिन सूचना पर पहुंचे हलैना थाना प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने हाइवे मार्ग को अवरूद्व करने वाले लोगों को समझाया और मृतक व घायल लोगों को उपचार के लिए हलैना स्थित राजकीय सामुदायिक अस्पताल पहुंचा और क्षतिग्रस्त वाहनों को फोरलेन से हटवा कर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने टेलर व टैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर हादसा स्थल से फरार हुए टेलर के चालक एवं खलासी की तलाष की,लेकिन वे पकड में नही आ सके। वैर सर्किल के अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक जयनारायण मीणा ने बताया कि जयपुर नेशनल हाइवे के गांव बेरी के पास करीब 7 बजे सडक हादसा की सूचना प्राप्त हुई और हलैना थाना प्रभारी बृजेष षर्मा मय जाप्ता के हादसा स्थल पहुंचे,जहां टेलर और टैक्टर-ट्रॉली की टक्कर हो गई। टेलर ने टैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मारी। हादसा में टैक्टर-ट्रॉली में सवार गांव



प्रेमनगर निवासी 30 वर्षीय अशोक कुमार सैनी पुत्र महेशचन्द सैनी की मौके पर ही मौत हो गई तथा गांव हिसामडा निवासी मांगीलाल सैनी पुत्र भोलीराम सैनी एवं चन्द्रकला देवी पत्नी मांगीलाल सैनी घायल हो गए। मृतक अशोक कुमार सैनी के शव तथा घायल मांगीलाल व उसकी पत्नी चन्द्रकला देवी को हलैना के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए,जहां चिकित्सकों ने अशोक कुमार सैनी को मृतक घोषित कर दिया,जबकि घायल मांगीलाल सैनी व चन्द्रवती देवी को भरतपुर रैफर कर दिया। पुलिस ने मृतक अशोक कुमार सैनी का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। उन्होने बताया कि टैक्टर-ट्रॉली में सवार लोग अरौदा से गांव प्रेमनगर व हिसामडा लौट रहे थे।

**आस्था पर भारी पड़ा हादसा :** जयपुर नेशनल हाइवे के गांव बेरी के पास हुए सडक हादसा में एक युवक की मौत तथा एक दम्पति घायल हो गई। टैक्टर-ट्रॉली में सवार शेष लोग बाल-बाल बच गए। ये सभी लोग सोमवार को गांव अरौदा में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में षामिल होने आए थे,जो मंगलवार को सुबह जलपान लेकर लौट रहे थे। लौटते समय पीछे से एक टेलर ने टक्कर मार दी। सभी ने रात्रि को जागरण का आनन्द लिया और जमकर नाच किए। उन्हे क्या पता था कि आस्था पर हादसा भारी पड जाऐगा और कार्यक्रम स्थल से मात्र पौने दो किमी सफर तय करने के बाद सडक हादसा हो जाऐगा।

**आवारा जानवर बन रहे जान के दुश्मन :** जयपुर नेशनल हाइवे-21 पर सेवर से महवा के मध्य भारी सख्यां में आवारा जानवरों का जमघट है,जिनसे आए दिन हादसा हो जाते है। 1 जनवरी 2024 से आज तक सेवर से महवा के मध्य दो दर्जन से अधिक हादसा हुए,जिनमें 38 लोगों की जान चली गई और 200 से अधिक लोग घायल हो गए,घायलों में एक दर्जन से अधिक अपंग हो गए,जो भी हादसा हुआ वे आवारा जानवर व अतिक्रमण के कारण हुए। लोगों का कहना है कि टोल वसूल कम्पनी को फोरलेन सडक,वाहन चालक,यात्री व राहगीरों सहित फोरलेन किनारे की आवादी के लोगों की सुरक्षा की चिन्ता नही है,चिन्ता है तो टोल वसूल करने की। सेवर से महवा के मध्य कस्वा हलैना, छौंकरवाडा कलां, बेरी, हन्तरा, तिलचिवी, बाछरैन, अरौदा, लुलहारा, सेवर तिराया, लुधावई, आमौली, पहरसर मोड आदि स्थान पर आवारा जानवरों का जमघट लगा रहता है और ये जानवर रात्रि के समय भी फोरलेन पर सोते नजर आते है।

# हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

## –मन्दिरो पर धार्मिक अनुष्ठानों का हुआ आयोजन। भक्तों की रही अपार भीड़

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कस्बा भुसावर सहित आस पास के ग्रामीण अंचल में हनुमान जन्मोत्सव भक्तों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कस्बा भुसावर के प्राचीन कोठी वाले हनुमान मंदिर, दीवानवाले हनुमान मंदिर, बनखंडी हनुमान मंदिर, पुरानी अनाज मण्डी स्थित हनुमान मन्दिर सहित दर्जनों मंदिरों में भक्तों द्वारा हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया और भजन कीर्तन करते हुए भगवान का जन्मोत्सव मनाया। वहीं कस्बा भुसावर के भगतराज हनुमान मन्दिर पर हर्षोल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। जहां भक्तों के सहयोग से मंदिर पर विश्व शांति एवं मानव कल्याण को लेकर हवन यज्ञ किया गया। वहीं मन्दिर पर भक्तों के सहयोग से मनमोहक फूल बंगला और 56 भोग झांकी भी सजाई गई।



# सिरस जैन तीर्थ पर 17 मई से जिनालयों व देवलकुलिकाओं की स्थापना दिवस

## –जैन 23 तीर्थकरं ध्वजारोहण महोत्सव-2024, कार्यक्रम में गुजरात से विधिकारक अनिल हरण पधारेंगे

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ ट्रस्ट एवं श्वेताम्बर जैन समुदाय की ओर से उपखण्ड वैर के गांव सिरस स्थित श्री कलिकाल कल्पतरू भगवान श्री महावीर जी मन्दिर पर साल 2023 को कराई 23 तीर्थकर एवं देवलकुलिकाओं की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पहली बार 17 मई से दो दिवसीय जैन 23 तीर्थकरं ध्वजारोहण महोत्सव-2024 मनाया जाऐगा, जिसकी तैयारियों के ट्रस्ट के पदाधिकारी व जैन समुदाय के लोग जुटे हुए है। कार्यक्रम की सफलता के लिए श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अलावा कार्यक्रम कमेटी बनाई गई है, जिसमें सुधीर जैन को अघ्यक्ष, रिखवचन्द को मंत्री, विमलचन्द को कोषाध्यक्ष, मुरारीलाल को संयोजक, प्रमोद जैन व सतीशचन्द को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन भिवाडी ने बताया कि 17 मई व 18 मई को सिरस जैन तीर्थ पर तीर्थ के मार्गदर्शक व प्रतिष्ठाचार्य श्री रत्नाकर सूरीश्वरजी महाराजा के सानिध्य व प्रेरणा में जिनालयों व देवलकुलिकाओं की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 23 तीर्थकर ध्वजारोहण महोत्सव-2024 मनाया जा रहा है। 17 मई को मंगल कार्यक्रम के तहत दोपहर 1:00 बजे से अढार अभिषेक एवं सायंकाल आरती के पश्चात भक्ति संध्या तथा 18 मई को सुबह 8:00 बजे से सत्तरह भेदी पूजा व ध्वजारोहण आदि कार्यक्रम होंगे। अढार अभिषेक का लाभ नकरा द्वारा एवं ध्वजा चढ़ाने का लाभ बोली से दिया जाएगा। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में विधिकारक गुजरात प्रान्त के जैनधाम लीमडी से अनिल हरण, धुधडका के संगीतकार आनन्द भाई तातेड, नारायणगढ के श्रेयांश भाई दक, नारायण आदि पधार रहे है। उन्होने बताया कि सिरस जैन तीर्थ पर श्री कलिकाल कल्पतरू भगवान श्री महावीर जी के अलावा



साल 2023 में 23 तीर्थकर की प्राण प्रतिष्ठा हुई, प्रतिष्ठा के तहत भगवान आदिनाथ, भगवान अजीतनाथ, भगवान संभवनाथ, भगवान अभिनन्दन स्वामी, भगवान सुमतिनाथ, भगवान पदमप्रभू, भगवान सुपार्श्वनाथ, भगवान सुपार्श्वनाथ, भगवान चन्दप्रभू, भगवान सुविविनाथ, भगवान शीतलनाथ, भगवान श्रेयांशनाथ, भगवान वासूपुज्य, भगवान विमलनाथ, भगवान अनन्त नाथ, भगवान धर्मनाथ, भगवान शान्तिनाथ, भगवान कुशुंनाथ, भगवान अरनाथ, भगवान मल्लीनाथ, भगवान सुनिसुव्रत, भगवान नमीनाथ, भगवान नेमीनाथ, भगवान स्वयंभूपार्श्व नाथ आदि सहित मणिभद्र देव, नाकौडा भैरवनाथ देव, क्षेत्रपाल देव, राज.राजेश्वरी पद्मावती माता, लक्ष्मी आदि की पूजा-अर्चना होगी।

**श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ ट्रस्ट कार्यकारिणी :** श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ ट्रस्ट की कार्यकारिणी में सुधीर जैन भिवाडी अध्यक्ष, महावीरप्रसाद जैन महवा उपाध्यक्ष, रिखवचन्द जैन जयपुर मंत्री, बाबूलाल जैन गंगापुर सिटी, विमलचन्द जैन हिण्डोन सिटी कोषाध्यक्ष, मुकेशचन्द जैन वैर, विमल जैन महवा, गुलाबचन्द व सतीश जैन भरतपुर, दीपचन्द अलवर, शिखर जैन हिण्डौन सिटी, राजेश कुमार जैन खेरलीगंज, गिरीश कुमार जैन जयपुर, सुभाषचन्द जैन बयाना सदस्य, अजीत कुमार जैन, शिवदत्त जैन, मुरारीलाल जैन, पदमचन्द जैन हिण्डोन सिटी सरक्षंक सदस्य, प्रमोद कुमार जैन बयाना व सतीशचन्द जैन हिण्डोन मनोनीत सदस्य है।

**सिरस में 29 अप्रेल को जैन रथयात्रा मेला :** ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन, मंत्री रखवचन्द जैन जयपुरकोषाध्यक्ष, विमलचन्द जैन व पूर्व अध्यक्ष महावीरप्रसाद जैन ने बताया कि श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ ट्रस्ट एवं श्वेताम्बर जैन समुदाय के द्वारा सिरस जैन तीर्थ स्थित विश्व विख्यात कलिकाल कल्पतरू भगवान श्री महावीर स्वामी सिरस धाम पर 29 अप्रेल का भव्य वार्षिक मेला आयोजित होगा। मेले के दिन सुबह 7 बजे से नवकारशी, सुबह 9 बजे भगवान कलिकाल कल्पतरू श्री महावीर स्वामी की पूजा-अर्चना, रथ यात्रा की बोली, सुबह 11 बजे से स्वामी वात्सल्य, दोपहर 12 बजे रथयात्रा, यात्रा के बाद माला की बोली आदि कार्यक्रम होंगे। उन्होने बताया कि सिरस जैन तीर्थ पर 29 अप्रेल को आयोजित मेले में भरतपुर, अलवर, जयपुर, करौली, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, टुण्डला, दिल्ली, मुम्बई, कलकत्ता, अहमदाबाद, अजमेर, कानपुर, लखनऊ, सवाईमाधोपुर, पलवल, नोएडा, गाजियाबाद, टोंक, कोटा, झालावाड, डीग आदि जिले सहित कस्बा खेडलीगंज, भिवाडी, वैर, बल्लभगढ, हिण्डोन, महवा, बयाना आदि स्थान के जैन समुदाय के लोग शामिल होंगे।

# विषम परिस्थितियों के बाद भी मोहित गुप्ता का भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में हुआ चयन, जिले का नाम किया रोशन




खबरों की दुनिया

**भुसावर।** शिक्षाविद स्वर्गीय श्री दाऊदयाल गुप्ता के सुपौत्र मोहित गुप्ता पुत्र बृजमोहन गुप्ता निवासी दही वाली गली का भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में 192वीं रैंक के साथ सिलेक्शन हुआ है। उनका आईपीएस बनना तय है। आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग के बाद पहले प्रयास में ही मोहित गुप्ता ने यह करिश्मा कर दिखाया। प्रीलिम्स से सात दिन पहले मोहित गुप्ता ने अपनी मां को खो दिया जो एक सरकारी अध्यापिका थी। मगर अपना हौसला नहीं खोया। मोहित गुप्ता का सपना आईएएस बनने का है। मोहित गुप्ता बयाना निवासी शिक्षाविद रमन लाल बंसल के नवासे व प्रमोद बंसल शिक्षाविद के भांजे हैं। मोहित गुप्ता ने यह करिश्मा 22 वर्ष की उम्र में प्रथम प्रयास में कर दिखाया है।

खबरों की दुनिया

**एक नजर**

## हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया

खबरों की दुनिया



**टोंक।** जिले में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक एवं पूजा-अर्चना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर के आंतड़िया बालाजी, दूधिया बालाजी, अन्नपूर्णा बालाजी, नसियां के बालाजी, कंकाली माता बालाजी, नीलकंठ महादेव के बालाजी, डीपो के बालाजी, महादेवाली बड़ के बालाजी सहित शहर के सभी मन्दिरों में भव्य झांकिया एवं विद्युत झालरों से सजाया गया, जहां दिन भर भजन-कीर्तन आयोजित किये तथा सुन्दर काण्ड के पाठ आयोजित किये गये, जहां दिन भर भक्तों का दर्शनार्थ तांता लगा रहा। इसी तरह कई हनुमान मन्दिरों में भी भव्य झांकी सजाई गई। इसी प्रकार आंतड़िया बालाजी के हनुमान जयन्ति पर दोपहर में सुन्दर काण्ड का पठन किया गया, सांय 1008 दीपकों से महाआरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

## हर गली में लाल ध्वज, हर मंदिर जय हनुमान



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** जिले में हर कस्बे और हर गांव की गली में हनुमान भक्तों के हाथ लाल ध्वज नजर आ रहा था। डीजे बज रहे थे। भक्त नाच नाच कर वीर हनुमान का जन्मदिन मना रहे थे।

राज्य सरकार के अधिस्वीकृत पत्रकार संजय सैनी ने दर्जन भर से अधिक हनुमान मंदिरों में भक्तों के साथ हाजरी लगाई। इस दौरान भक्तों से हुई चर्चा में सामने आया कि हनुमान भक्ति का तो आंनद ही कुछ और हैं। इनके जयकारे में ही भक्ति का नया जोश और नई उमंगे उड़ान भरती। श्रीबंधे के बालाजी मंदिर में गांधी चौक से भक्तों ने ध्वज निशान यात्रा शुरू की। जिसका जगह जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया। देश विदेश से आकर भक्तों ने धोक लगाई। इसी प्रकार भीमसर, सितसर, मोटेश्वर बालाजी मंदिर, घोड़ीवारा बालाजी मंदिर, उबली धाम, श्रीसंकट मोचन बालाजी मंदिर, श्रीपंच मुखी बालाजी मंदिर, मुनि आश्रम, बढ़ का बालाजी मंदिर सहित सभी हनुमान मंदिरों में भक्तों ने हाजरी लगाई।

### "चाकर राख ल्यो बालाजी थारो बहुत बड़ों दरबार"

# भजन संध्या सहित कई हुए धार्मिक कार्यक्रम

खबरों की दुनिया



**निवाई।** हनुमान जयंती महोत्सव पर रेलवे स्टेशन के समीप बालाजी मन्दिर में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें गायक कलाकारों के भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। जैन धर्म प्रचारक राकेश संघी एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि भजन संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि उधोगपति मूलचंद व त्रिलोकचंद जैन ने बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। भजन संध्या की शुरुआत गायक कमल शर्मा सुरिया वनस्थली ने गणेश वन्दना एवं गुरु वन्दना के साथ की। इसके बाद गायक कमल शर्मा ने छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, मानुंगा बाबा तुझपे भरोसा है, हारे हारे हारे हारे के सहारे, मेरी झोपडी के भाग आज खुल जाएंगे राम आयेंगे, बांस की बांसुरिया पे धणो इतरावे, श्याम बाबा श्याम बाबा आया हूं में धणी दूर से, दरबार सांवरिया ऐसो सजो प्यारों, ओ सांवरे मेरे सरकार हो, गायक विमल जौंला ने चाकर राख ल्यो बालाजी थारो बहुत बड़ों दरबार, गर जोर मेरो चाले हीरा मोत्या सूं नजर उतार दूं, गायक विमल सोगानी ने भी भजनों की प्रस्तुतियां दी।

भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किए। विमल जौंला ने बताया कि भजन संध्या का मंगलाचरण लाड़देवी जैन, अनिता जैन, रेशू जैन, किट्टी जैन, टीना जैन, प्रियंका जैन व संजू जौंला ने किया। कार्यक्रम में बालाजी महाराज की आकृषक झांकी सजाई एवं महिलाओं ने रंगोली सजाकर बालाजी महाराज की अगुवानी की। भजन संध्या में राजेश, बंटी जैन, कमल टोडवाल, चिंटू जैन, आशु पांडया, पप्पूलाल सोहेला, विक्रम पराणा, सोनू राजवंशी, प्रदीप सेनी, महावीर प्रसाद बोंली, बाबूलाल जैन, नरेंद्र जैन, मुकेश संघी, हेमचंद संघी, अजीत काला, सुशील सोगानी, महेन्द्र जैन, कमल सोगानी व विनोद संघी सहित कई लोग मौजूद थे।

## सुंदरकांड पाठ के बाद हुई महा आरती, उमड़े श्रद्धालु

खबरों की दुनिया

**चिड़ावा।** शहर की कॉलेज रोड पर पोद्दार पार्क सनातन आश्रम में भायला हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन हुए। आयोजन में सुबह सनातन आश्रम के अधिष्ठाता प्रभु शरण तिवाड़ी के सानिध्य में हनुमत ज्योति मंगलपाठ हुआ। दोपहर बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ। शाम साढ़े छह बजे महा आरती हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद भगवान को प्रसाद समर्पित किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सुरेन्द्र पारीक, कांति प्रसाद हलवाई, पवन ढाणी वाला, अनिल लांबीवाला, तेजप्रकाश सोनी, शिवलाल सैनी, गोपाल महमियां, रत्तीराम राजोतिया, मनीराम जांगिड़, महेंद्रपाल, प्रमोद सुल्तानिया, मातादीन शर्मा, संजय ओझा, अजय महमिया, कृष्ण सारस्वत सहित काफी श्रद्धालु शामिल हुए। इसी तरह शहर के कबीर टीला मंदिर, चमत्कारी बालाजी, गणेश मंदिर के पास हनुमान मंदिर, बापू बाजार मंदिर सहित शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी भव्य आयोजन हुए।

## पृथ्वी दिवस पर एक घंटा लाइट बंद रखकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

खबरों की दुनिया

**देवली।** अखिल भारतीय मारवाड़ी सखी सहेली शाखा देवली की सभी बहनों ने सोमवार पृथ्वी दिवस के अवसर पर रात को 8:30 से 9:30 तक 60 मिनट तक अपने-अपने घरों की बिजली बंद रख पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अध्यक्ष नीतू मंगल ने बताया कि एक घंटे तक बिजली की बचत कर पर्यावरण संरक्षण के साथ ही पृथ्वी की रक्षा को अपना सामूहिक दायित्व समझते हुए धरती मां के सम्मान और देखभाल का संकल्प लिया। अध्यक्ष नीतू ने बताया कि यह कार्य अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा चलाई गई राष्ट्रीय मुहिम हरित घड़ी अंर्तगत किया गया। ऐसा ही योगदान भारत के 23 प्रदेशों की 17000 शाखाओं की सभी बहनों ने दिया। साथ ही बेजुबान पक्षियों के दाने-पानी की व्यवस्था के लिए अपनी-अपनी सुविधानुसार अलग-अलग जगह जाकर परिंडे बांधे गए। कल कुल 51 परिंडे बांधे गए और उनमें दाने-पानी की व्यवस्था की जिम्मेदारी भी ली गई।

# बस्सी में सजाई भव्य मतदाता जागरूकता गैलरी

खबरों की दुनिया



**निवाई।** मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्सी में एक भव्य मतदाता जागरूकता गैलरी का निर्माण किया गया है जिसमें चुनाव के विभिन्न विषयों जैसे मतदान केंद्र, मतदान का दृश्य मेरा वोट मेरा अधिकार, मतदाता हस्ताक्षर अभियान, पोस्टर, नारे तीन तरह के सेल्फी पॉइंट्स आमंत्रण पत्र, मतदान विधि, चित्र पोस्टर, वॉल हैंगिंग, पिता को पाती कॉर्नर बनाया गया है। रिटर्निंग अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया के आदेशसनुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता गैलरी दो दिनो तक सभी आमजन के लिए खुली है। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ कुसुम कौशिक ने बताया कि लोकसभा चुनाव में महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एवं महिला मतदान का प्रतिशत में वृद्धि के लिए गैलरी देखने गांव की महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी इसमें भाग लिया। साथ ही रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने भी गैलरी का अवलोकन किया। विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर रामराज मीणा, जोया अमरीन खान, चांदमल मीना, रवीना जैन, हनुमानप्रसाद मीणा, हरकेश मीणा, रजनी मीणा, राजकुमार बैरवा, सुरेशचंद्र बैरवा, प्रहलाद बैरवा, रमेशकुमार वर्मा, मीनाक्षी गुर्जर व निर्मलकुमार शर्मा सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### सरस्वती स्कूल के पीछे की जर्जर सड़क का निर्माण कार्य शुरू

## 30 लाख की लागत से बन रही है सीसी रोड, कॉलोनीवासियों मे खुशी की लहर

खबरों की दुनिया



**निवाई।** शहर की महावीर कॉलोनी में स्थित सरस्वती स्कूल के पीछे की जर्जर सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। निर्माण कार्य शुरू हो जाने से स्कूल में आने वाले बच्चों एवं अभिभावकों व कॉलोनीवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। सड़क का निर्माण हो जाने पर विद्यालय में आने वाले अभिभावकों व बच्चों को राहत मिलेगी। नगरपालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि सरस्वती विद्या मंदिर के पीछे महावीर कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। सीसी रोड का निर्माण 30 लाख की लागत से होगा। सहायक अभियंता चंद्र प्रकाश मीणा ने बताया कि सड़क के दोनों तरफ नालियां बनाई जाएगी। सीसी रोड की मोटाई 8 इंच रहेगी। जानकारी के अनुसार सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी तथा उसमें गहरे-गहरे गड्ढे हो गए थे जिससे मकानों से निकलने वाला गन्दा पानी भी सड़क पर भरा रहता था। जिससे विद्यालय में आने वाले बालक-बालिकाओं, अभिभावकों एवं कॉलोनी वासियों को गंदे पानी में से होकर गुजरना पड़ रहा था।

## सैक्टर व रिजर्व सैक्टर प्रभारियों को दी जानकारियां, चुनाव सामग्री की वितरित



खबरों की दुनिया

**निवाई।** सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश कुमार हरसोलिया के निर्देशन में सेक्टर प्रभारियों को दक्ष प्रशिक्षक त्रिलोकचंद जैन द्वारा प्रशिक्षण दिया तथा चुनाव सामग्री वितरित की गई। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश कुमार हरसोलिया ने बताया कि दक्ष प्रशिक्षक त्रिलोकचंद जैन ने सेक्टर प्रभारियों को प्रशिक्षण में चुनाव सामग्री, ईवीएम की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। त्रिलोकचन्द जैन ने बताया कि सेक्टर प्रभारी के पास रखी ईवीएम की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं की है। पुलिस सुरक्षा में गाडी में ईवीएम को रखा जाए।

उन्होंने मॉक पॉल व मतदान के समय ईवीएम खराब होने पर कौनसा पार्ट बदले जाने की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के बाद सेक्टर प्रभारियो को चुनाव सामग्री में बीयू कम्पार्टमेंट व डस्टबिन आदि वितरित की गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार बीएल जागिड़ व निर्वाचन शाखा प्रभारी अमित जोशी सहित सभी सैक्टर व रिजर्व सैक्टर प्रभारी मौजूद थे।

## 25 व 26 अप्रैल को प्रिंट मीडिया में विज्ञापन छपने से पूर्व अधिप्रमाणन जरूरी

खबरों की दुनिया

**टोंक।** लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान 26 अप्रैल को मतदान दिवस होने के तहत 25 व 26 अप्रैल को समाचार पत्रों में छपने वाले राजनैतिक दलों व उम्मीदवारों के विज्ञापनों का प्रकाशन अधिप्रमाणन के बाद ही किया जा सकेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दूसरे चरण में 26 अप्रैल 2024 को टोंक-सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र के लिये मतदान होगा। आयोग के निर्देशानुसार समस्त राजनैतिक दल व टोंक-सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र से निर्वाचन में भाग ले रहे सभी उम्मीदवार 25 व 26 अप्रैल को प्रिंट मीडिया में विज्ञापन देने से पूर्व जिला स्तरीय विज्ञापन अधिप्रमाणन समिति से प्रिंट मीडिया के विज्ञापनों का अधिप्रमाणन ''प्री-सर्टिफिकेशन'' करवाकर ही प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रसारित करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 25 व 26 अप्रैल को ई-पेपर व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी प्रकार के चुनाव से संबंधित विज्ञापन प्रसारित नहीं होंगे।

## बीजवाड़ विद्यालय में रंगोली व दीपदान द्वारा मतदान का दिया संदेश

खबरों की दुनिया



**देवली।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीजवाड में स्वीप कार्यक्रम के तहत सतरंगी सप्ताह के सप्तम दिन मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रंगोली बनवाई तथा दीपदान किया गया। इस दौरान लालच पर होगी चोट, सोच समझ कर करेंगे वोट का संदेश देकर महिलाओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया।

इस मौके पर आँगन बाडी कार्यकता कौशल्या, ईन्द्रा शर्मा, संगीता, बी एल ओ अनिल कुमार, शिवपाल मीणा, पंचायत सहायक सीमा जाट, ग्राम विकास अधिकारी निर्मला कुमारी, विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे। यह जानकारी विद्यालय मीडिया प्रभारी सुगन चन्द कुमावत अध्यापक ने दी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली प्रभात फेरी



खबरों की दुनिया

**निवाई।** विश्व हिन्दु परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंगलवार की सुबह शहर में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का शुभारंभ मोरिया वाले बालाजी के मंदिर में दर्शनों के साथ किया गया। प्रभात फेरी बालाजी के मंदिर से रवाना होकर मुख्य सडक मार्ग से होते हुए जमात में स्थित अखाडे वाले बालाजी मंदिर परिसर पहुंची। प्रभात फेरी में शामिल कार्यकर्ता जय श्रीरा व भक्त हनुमान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी के अखाडा वाले बालाजी के मंदिर पहुंची और कार्यकर्ताओं ने संगीतमय संकीर्तन किया। इसके बाद आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान भंवरलाल तिवाडी, ललित जायसवाल, हनुमानप्रसाद शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, अजयकुमार, बिटटू सहित विहिप व बजरंगदल के कार्यकर्ता एवं सनातन धर्म प्रेमी मौजूद थे।

## महावीर स्वामी की जयंती पर लघु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



खबरों की दुनिया

**देवली।** देवली उपखंड के आँवा स्थित श्रीसुधा सागर पब्लिक स्कूल में भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निदेशक ओम प्रकाश ठग व सचिव पवन कुमार धानोत्या ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन व उनकी लोक-कल्याण व जन हितकारी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला व भजन प्रस्तुत किया।

लघु प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्ग विशेष के बच्चों ने हिस्सा लिया। निदेशक ने बच्चों को भगवान महावीर स्वामी के जीवन से प्रेरित हो जन-कल्याण कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। उक्त जानकारी विद्यालय से जुड़े हरीशंकर सैनी ने दी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर प्रश्नोत्तरी, चार्ट व कलर प्रतियोगिता आयोजित



खबरों की दुनिया

**देवली।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मयूर इंटरनेशनल स्कूल देवली में विद्यालय के निदेशक अजय मेवाड़ा के सानिध्य में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। विद्यालय के सुरेश कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को हनुमानजी के जीवन से जुड़े कई प्रसंग बताए गए तथा रामजी के प्रति हनुमानजी की भक्ति के बारे में भी अवगत करवाया गया। इस दौरान हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का पाठ करते हुए हनुमानजी के जीवन से संबंधित चार्ट व कलर प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। इसी प्रकार हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर नेवर बालाजी मंदिर में महिलाए पुरुष व बच्चों ने चालीसा का पठन किया तथा 108 दीपकों से बालाजी की महाआरती की गई। तत्पश्चात भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें देर रात तक श्रद्धालु भजनों की सरिता में डुबकी लगाते रहे। उक्त जानकारी मंदिर कमेटी से जुड़े टीकम सेन ने दी। इस दौरान मंदिर की भव्य सजावट की गई।

खबरों की दुनिया

## एक नजर

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर

# राज्यपाल मिश्र ने की पूजा-आरती



**जयपुर (खबरों की दुनिया)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र के साथ राजभवन स्थित राजराजेश्वर मंदिर में अंजनी पुत्र हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर विधिवत आरती की। राज्यपाल ने हनुमान जी से प्रदेश की खुशहाली और सुख-संपन्नता के लिए कामना की।

**प्रदेश की खुशहाली और सुख-संपन्नता के लिए कामना की**

## नगर निगम ग्रेटर की कार्यवाही, 33 हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज, 3 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की अस्थाई टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में मुरलीपुरा स्कीम के चारों तरफ, विद्याधर नगर स्टेडियम के पास, सिने स्टार के पास एवं लालकोठी सब्जीमण्डी के पास से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 33 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 3 केन्टर सामान जब्त किया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में मुरलीपुरा स्कीम के चारों तरफ, विद्याधर नगर स्टेडियम के पास, सिने स्टार के पास एवं लालकोठी सब्जीमण्डी के पास से अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई।

## गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने भाजपा कार्यालय में लिया चुनावी फीडबैक



**भीलवाड़ा ।** राजस्थान सरकार में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम अपने अल्प प्रवास पर भीलवाड़ा पहुंचे। भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं मांडल विधायक उदयलाल भडाना की विशिष्ट उपस्थिति में पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत, अभिनंदन किया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि गृह राज्य मंत्री बेढम ने लोकसभा चुनाव के संबंध में चर्चा करते हुए फीडबैक लिया और चुनाव प्रचार एवं व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव भी दिए। उन्होंने बूथ मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष रणनीति बनाने की आवश्यकता जताई।



सीपी जोशी के समर्थन में- दिया कुमारी ने किया रोड शो

# जिन्होंने अकबर को महान बताया उन्हें वोट मांगने का अधिकार नहीं: सीपी जोशी

खबरों की दुनिया

**चित्तौड़गढ़।** भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी के समर्थन में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी चित्तौड़गढ़ पहुंची। यहां पर उनका रोड शो किया गया। पाडन पोल से यह रोड शो शुरू होकर मिठाई बाजार, गांधी चौक, सदर बाजार, गोल प्याऊ चौराहा, सुभाष चौक, सिटी पेट्रोल पंप होते हुए गांधीनगर के शिवम गार्डन पहुंची। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के साथ यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या भी मौजूद रहे।

### दिया कुमारी ने किया रोड शो

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शाम को चित्तौड़गढ़ में रोड़ शो किया। डिप्टी सीएम यहां प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के समर्थन में आए हैं। उनके साथ यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या भी मौजूद रहे। रोड शो में सीपी जोशी पैदल-पैदल पाडन पोल होकर मिठाई बाजार, गांधी चौक, सदर बाजार, गोल प्याऊ चौराहा, सुभाष चौक, सिटी पेट्रोल पंप होते हुए गांधीनगर के शिवम गार्डन तक पहुंचे। इस दौरान डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि 26 अप्रैल को सभी वोटर अपने घरों से निकलकर वोट डालने जरूर जाए। उन्होंने कहा कि एक-एक वोटर हमारे लिए बहुत ही ज्यादा जरूरी है। पिछली बार से सीपी जोशी को 5 लाख से भी ज्यादा मतों से जिताया था। इस बार 10 लाख मतों से जिताना है।



### वोट मांगने का अधिकार नहीं

वहीं, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि जो लोग यह कहते थे कि राम कभी पैदा नहीं हुए। राम काल्पनिक है। जो अकबर को महान बताते हैं। जिन्होंने राम के लिए बना रहे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में आने का निमंत्रण ठुकरा दिया। उनको चित्तौड़ की धरती पर खड़े होकर वोट मांगने का अधिकार नहीं है। बालाजी का गोटा घूमना है और 26 तारीख को वोट जरूर करना है। उन्होंने कहा कि इन राष्ट्र विरोधी ताकतों को वोट की पेटी में दफन कर सनातन का झंडा ऊंचा करना है। हमारा लक्ष्य है कि 26 तारीख को 50 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हो सके।

# प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियां विकसित भारत का आधार: कर्नल राज्यवर्धन

खबरों की दुनिया



**बाड़मेर।** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ एवं बाड़मेर-जैसलमेर से पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह जसोल ने मंगलवार को बाड़मेर लोकसभा में प्रबुद्धजनों एवं भाजपा के कर्मठ, निष्ठावान कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ भेंटकर सुखद सार्थक संवाद किया।

इस दौरान कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका आशीर्वाद है, जो विकसित भारत का आधार है। भारतीय जनता पार्टी सर्वधर्म समभाव पर विश्वास रखती है और इसी संकल्प के संकल्प मोदी सरकार गरीब, गांव और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास को समर्पित है।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि आत्मनिर्भर विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने का यह संकल्प पत्र आम जनमानस का संकल्प पत्र है।

## भारत ने मध्यम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल के नए संस्करण का सफल परीक्षण किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को मध्यम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल के नये संस्करण का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के नए संस्करण का सफल परीक्षण मंगलवार को स्ट्रैटीजिक फोर्स कमांड के तत्वावधान में किया गया। मंत्रालय ने कहा कि यूजर लॉन्च ने कमांड की परिचालन क्षमता पर मुहर लगाई है और नई प्रौद्योगिकियों को मान्यता प्रदान की है।

# कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने किया गांवों में किया जनसंपर्क



खबरों की दुनिया

**जालोर।** जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने मंगलवार को जालोर और आहोर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान वैभव से मिलने बड़ी संख्या में जनसमुदाय उमड़ा और उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाकर संसद में भेजने की प्रतिबद्धता दिखाई। उत्साहित आमजन ने वैभव का स्वागत भी फूलमालाओं से किया। वैभव सबसे पहले जालोर के गांव गोलाणा के पहाड़ी पर स्थित झलडेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे और मत्था टेक जीत का आशीर्वाद लिया। इसके बाद गांवों में आयोजित सभाओं में उन्होंने कहा कि जालोर, सिरोही और सांचोर जिलों का समुचित विकास हो, यहां के लोगों को परेशानियों से निजात मिले, इसके लिए उन्होंने तरक्की एक्सप्रेस का रोडमैप बनाया है। इस मिशन डॉक्यूमेंट के सहारे से वह आमजन को नर्मदा, माही का पानी व रोजगार दिलाएंगे, ट्रेन और हाइवेज कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे, वायुयानों की नियमित उड़ानें शुरू कराएंगे, ताकि यहां का आमजन खुशहाल जीवन जी सके। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित आमजन से मैनिफेस्टो को पढ़ने की अपील की और कहा कि आगामी 26 अप्रैल को ईवीएम पर 2 नंबर बटन दबाकर कांग्रेस से हाथ मिलाएं।

### 20 साल से काम नहीं कराने पर भाजपा पर साधा निशाना

वैभव गहलोत ने कहा कि भाजपा सांसदों को यहां के विकास के लिए 20 साल मिले, लेकिन उन्होंने कोई काम नहीं कराया। स्थानीय लोगों की समस्याएं जस की तस रहीं। भाजपा सांसद तो लोगों के दुख-दर्द में मिलने तक नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि अब भाजपा की सरकार कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई लोककल्याणकारी योजनाओं को बंद कर रही है। राजीव गांधी युवा मित्रों को तो वह नौकरी से निकाल ही चुकी है। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा बंद कर दी गई है, जिससे अब आमजन को 25 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा नहीं मिलती।

# अब हर प्रत्यारोपण के लिए जनरेट करनी होगी डोनर और रिसीवर की यूनिक आईडी

## समुचित प्राधिकारी ने राजकीय एवं निजी अस्पतालों को जारी किए दिशा-निर्देश

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** प्रदेश के राजकीय एवं निजी अस्पतालों में मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण में पूरी पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए तकनीकी उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। प्रत्येक प्रत्यारोपण के लिए डोनर और रिसीवर की यूनिक नोटो-आईडी जनरेट की जाएगी। इसके बिना प्रत्यारोपण संभव नहीं होगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण राजस्थान की समुचित प्राधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने इस संबंध में मानव अंगों के प्रत्यारोपण के लिए अधिकृत राजकीय अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों एवं निजी अस्पतालों के प्रबंध निदेशकों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।


दिशा–निर्देशों के अनुसार मानव अंग एवं ऊतकों के प्रत्यारोपण के लिए अधिकृत राजकीय या निजी अस्पताल को प्रत्यारोपण के लिए नोटो की वेबसाइट पर जाकर अनिवार्य रूप से यूनिक नोटो-आईडी जनरेट करनी होगी। जीवित या मृतक दोनों ही डोनर के अंगों का आंवटन करने हेतु यूनिक आईडी जनरेट करना अनिवार्य होगा। यह आईडी प्रत्यारोपण सर्जरी के 48 घंटों के भीतर जनरेट करनी होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए नोटो के ऑफिस में दूरभाष नम्बर 011-26164770 एवं टोल फ्री नम्बर 1800-11-4770 पर सम्पर्क किया जा सकता है। साथ ही नोटो की ईमेल आईडी dir@notto.nic.in के माध्यम से भी जानकारी ली जा सकती है।

जलवायु परिवर्तन पर गठित मल्टी-सेक्टोरल स्टेट लेवल टास्क फोर्स की बैठक

# मुख्य सचिव ने दिए लू-तापघात की स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने प्रदेश में लू-तापघात की स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों को उनसे जुड़े दायित्वों के लिए एक्शन प्लान बनाने तथा नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करते हुए लू एवं तापघात से बचाव के लिए प्रभावी उपाय एवं व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। शुभ्रा सिंह मंगलवार को शासन सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जलवायु परिवर्तन पर गठित मल्टी-सेक्टोरल स्टेट लेवल टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा प्रदेश में भीषण गर्मी एवं अत्यधिक लू की चेतावनी दी गई है। इसे ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। साथ ही, केन्द्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार लू-तापघात जैसी स्थितियों से निपटने के लिए व्यापक कार्यवाही सुनिश्चित की जानी है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि वन विभाग जंगलों में आगजनी की घटनाओं को रोकने तथा आगजनी से बचाव के लिए आवश्यक उपाय करने के साथ ही वन क्षेत्र में रह रहे परिवारों को जागरूक करें।



### गर्मीजनित बीमारियों के संबंध में जानकारियां उपलब्ध करवाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की घर-घर तक पहुंच है। वे आमजन को गर्मीजनित बीमारियों के संबंध में आवश्यक जानकारियां उपलब्ध करवाएं तथा बीमारी के लक्षण पाये जाने पर उन्हें उपचार के लिए प्रेरित करने में सहयोग करें। उन्होंने स्कूलों में नो-बैग-डे के अवसर पर विभिन्न आईईसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को गर्मीजनित बीमारियों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने आईईसी एवं अन्य गतिविधियों में एनसीसी व स्काउट-गाइड, एनजीओ, सिविल सोसायटीज इत्यादि संगठनों का सहयोग लेने पर भी बल दिया।

## एसएमएस अस्पताल में रक्तदान के बाद युवक को आया हार्टअैटक, मौत

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में ब्लड डोनेशन के बाद एक युवक की मौत हो गई। युवक अपने नाना को ब्लड देने अस्पताल आया था। ब्लड डोनेट करने के बाद अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद उसे इमरजेंसी में भर्ती किया गया, जहां उसकी कुछ देर बाद मौत हो गई। डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से मौत होना बताया है।

# कांग्रेस गन्दा नाला, भाजपा यमुना-सरस्वती

## कांग्रेसी नेता भाजपा में आकर पवित्र हो गये : मदन दिलावर

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मंगलवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कोटा में ओम बिरला के समर्थन में प्रेसवार्ता की। प्रेस वार्ता में मदन दिलावर ने कांग्रेस को गन्दे नाले की संज्ञा देते हुये भाजपा को यमुना-सरस्वती का पवित्र जल कहा।

कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने पर सवाल किया तो शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- गंदे नाले का पानी यमुना या सरस्वती नदी में मिलकर पवित्र हो जाता है।

कितना ही गंदा नाला हो, पानी डाइल्यूट होकर पवित्र माना जाता है। बीजेपी भी सरस्वती की तरह है। उनसे पूछा कि क्या कांग्रेस को गंदा नाला बता रहे हैं तो हंसते हुए दिलावर ने कहा कि भावार्थ आप निकाल लो।




### भाजपा नेताओं के सामने कांग्रेसी चुनाव लड़ने को तैयार नहीं

सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा रद्द हो जाने पर मदन दिलावर ने कहा कि कांग्रेस का कोई नेता भाजपा के सामने चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी ने नामांकन में कमियां रखी होगी, और नामांकन रद्द हो गया। अगर उन्हें कोई धमकी मिली तो मुकदमा दर्ज करवा देते। वहीं कम वोटिंग होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये तो जनता से पूछो। जब उनसे सवाल किया गया कि कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि बीजेपी नेता दूध जलेबी खाकर सो गए थे,वोट डालने नहीं गए इसलिए कम वोटिंग हुई, इस पर दिलावर ने कहा कि बीजेपी के कार्यकर्ता संपन्न है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को खाने को नहीं मिलता। हमारे कार्यकर्ता संपन्न तो हैं, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के पास तो खाने को नहीं है। वो तो इधर-उधर भटक रहे हैं।

### कोई संतों में बैठता है, कोई डाकुओं में

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा- कांग्रेसी नेता 25 लाख करोड़ रुपए खा गए। इसी दौरान उनसे सवाल किया गया कि इसके बावजूद भाजपा, कांग्रेस के नेताओं को क्यों अपना रही है। तब दिलावर ने भाजपा की तुलना सरस्वती और यमुना नदी से कर डाली। वहीं भाजपा नेताओं के कांग्रेस में जाने के सवाल पर दिलावर ने कहा- देश में लोकतंत्र है। कोई भी कहीं भी जाने को स्वतंत्र है। कोई डाकुओं से मिल जाता है तो कोई संतो से मिल जाता है। कोई बुद्धिहीनों के बीच में जाता है तो कोई मूर्खों में बैठता है।

## सोटो एवं स्टीयरिंग कमेटी का होगा पुनर्गठन

**जयपुर (खबरों की दुनिया)।** देश में सुगमतापूर्वक एवं नियमानुसार मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण के लिए स्टेट ऑर्गन एण्ड टिश्यू ट्रांसप्लांटेशन ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) का पुनर्गठन किया जाएगा।

साथ ही सोटो के सुगम कार्य संचालन, प्लानिंग एवं नेशनल ऑर्गन एण्ड टिश्यू ट्रांसप्लांट प्रोग्राम की गाइडलाइन के अनुसार गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए स्टीयरिंग कमेटी का भी पुनर्गठन किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा शुभ्रा सिंह के निर्देशों के बाद चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने सोटो एवं स्टीयरिंग कमेटी के पुनर्गठन के लिए सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं।

राजस्थान फोरम ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट, जयपुर
द्वारा आयोजित
राष्ट्रीय पत्रकार अधिवेशन
मुख्य अतिथि - डॉ. गोपाल शर्मा
अध्यक्षता - डॉ. रघु शर्मा
स्थान :- 1 मई, 2024 पिंक सिटी प्रेस क्लब, जयपुर
-: अतिविशिष्ट अतिथिगण -:
श्री पवन अरोड़ा, डॉ. एल.सी. भारतीय
श्री नरेश कुमार शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष आई.एफ.डब्ल्यू.जे.

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। सम्पादक : बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 प्रधान कार्यालयः मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123